


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 22 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 273 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## थर्मोकूल के ब्रांड एम्बेसडर बने सैफ अली खान

### घरेलू उपकरण उद्योग में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर

**सशक्त प्रचार**

**“ सैफ अली खान जैसे लोकप्रिय चेहरे के जुड़ने से थर्मोकूल की साख और मजबूत होगी**





**मुंबई, करंट क्राइम।** देश के अग्रणी इलैक्ट्रिक एवं इलैक्ट्रॉनिक्स होम एप्लायंसेज निर्माता ब्रांड थर्मोकूल ने अपने प्रचार अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने के लिए बॉलीवुड के नबाब और सुपरस्टार सैफ अली खान को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में साइन किया है। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में, गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति में थर्मोकूल का विशेष सेटअप लगाया गया, जहां सैफ अली खान ने कंपनी के नए विज्ञापन अभियान की शूटिंग की। इस अवसर पर थर्मोकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, उनके बड़े भाई संजीव कुमार गुप्ता तथा परिवार के सदस्य अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता और तनुज गुप्ता भी मौजूद रहे। वहीं, कंपनी के अधिकृत डीलर्स शिवांगु सोनकर, रजत केसरवानी और अनुज जैन ने भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर बॉलीवुड स्टार से मुलाकात की।

लगभग दो दशकों से होम एप्लायंसेज निर्माण में अपनी अलग पहचान बनाने वाला थर्मोकूल, एलईडी स्मार्ट टीवी और वॉशिंग मशीन के बाद अब रेफ्रिजरेटर और एसी सेगमेंट में भी मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी दौर में गुणवत्ता और उचित मूल्य के साथ-साथ ब्रांड का सशक्त प्रचार भी आवश्यक है। सैफ अली खान जैसे लोकप्रिय और विश्वसनीय चेहरे के जुड़ने से थर्मोकूल की साख और मजबूत होगी। आने वाले समय में हमारे उत्पाद हर भारतीय घर की पहली पसंद बनेंगे।

ब्रांड विशेषज्ञों के अनुसार, सैफ अली खान का जुड़ना न केवल थर्मोकूल की बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करेगा, बल्कि उपभोक्ताओं के बीच इसकी छवि को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## राम वालों की सरकार में रामलीला की तकरार, कहीं हो गया नोटिस जारी तो कहीं होगा मंचन के बाद चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक दौर था जब चुनाव प्रचार के दौरान ये नारा गूंजा था कि ह्यह्यजो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगेह्लह्ल। राम वालों की सरकार आ गई और अब कमल वालों के गढ़ में कमाल ये हो रहा है कि सबसे ज्यादा विरोध का कोहराम ही राम की लीला के नाम पर मच रहा है। लाइनपार की रामलीला हो या कविनगर की रामलीला हो, विरोध के सुर सुनाई दे रहे हैं। इस पूरी रामलीला की तकरार का सबसे रोचक सीन ये है कि राम से लेकर दशानन तक सारे किरदार भाजपाई हैं।



राम वालों में ही रामलीला कराने को लेकर लट्ठ पटक रहे हैं। रामलीला वाले डिप्टी रजिस्ट्रार के दरवाजे पर हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार कभी इसके पक्ष में तो कभी उसके पक्ष में आदेश जारी कर रहे हैं और रामलीला जब होनी है तब राम वाले डिप्टी रजिस्ट्रार के दफ्तर में बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं। बताया जाता है कि चार रामलीलाओं को डिप्टी रजिस्ट्रार की तरफ से नोटिस जारी हुआ है। जिनमें राजनगर की रामलीला है, यहां पूर्व सीनियर पार्षर राजेंद्र त्यागी की देखरेख में मंचन कराने के निर्देश हैं और महोत्सव के बाद यहां चुनाव होगा। कविनगर रामलीला में भी रामलीला महोत्सव समापन के बाद चुनाव के निर्देश बताये जाते हैं। इसी तरह प्रताप विहार में भी रामलीला कमेटी का विवाद है और यहां भी नोटिस जारी हुआ है और संजयनगर में भी रामलीला को लेकर जो महाभारत चल रही है, इसमें दोनों तरफ भाजपाई हैं।

### आज डिप्टी रजिस्ट्रार में गूंजेगा भाजपाईयों के धरने का नारा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को संजयनगर रामलीला कमेटी के एक पक्ष ने डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय पर धरना दिया था। दोपहर से शुरू होकर ये धरना शाम तक चला बौर बाद में विधायक के समझाने पर दूसरे पक्ष वाले भाजपाई वापस लौटे। सूत्र बताते हैं कि आज यानी सोमवार को ये भाजपाई फिर से धरना देंगे। रामलीला कमेटी का ममला है और बीच में रविवार के कारण कार्यक्रम स्थगित हुआ था और सोमवार को जब रजिस्ट्रार ऑफिस खुलेगा तो यहां धरने का स्वर सुनाई देगा।

### आखिर क्यों स्विच ऑफ हो गया सीएम के जाते ही अफसर का फोन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये मामला सुलट भी सकता है, लेकिन यहां बताते हैं कि अफसर ने ही चार बर अपना फैसला 24 घंटे में पलट दिया और बताते हैं कि एक बार तो दो जनप्रतिनिधियों के बीच भी मिस कम्यूनिकेशन वाला सीन हो गया, लेकिन बात को संभाला गया। राम वाली लीला में कभी विधायक जी की एंट्री तो कभी सांसद जी के फोन का जिक्र आता है, लेकिन यहां पर सबसे बड़ा सवाल ये है कि मुख्यमंत्री के जिले से जाते ही अधिकारी ने अपना फोन स्विच ऑफ क्यों कर लिया। बताते हैं कि शनिवार को सब उन्हें फोन मिलाते रहे और उनका फोन स्विच ऑफ आता रहा। रविवार को भी फोन स्विच ऑफ बताया जाता है। अब यानी सोमवार को जब रजिस्ट्रार ऑफिस खुलेगा तो ये उम्मीद है कि अफसर का फोन भी खुलेगा और यहां पर पूरे विवाद के सुलझ जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### इधर भाजपाई, उधर भाजपाई, बीच मेंफंस गए राम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। संजयनगर रामलीला में भाजपा बनाम भाजपा सीन चल रहा है। यहां पर एक तरफ भाजपा के निवर्तमान दो नामित पार्षद हैं, महानगर मीडिया प्रभारी हैं, युवा मोर्चा के पदाकिारी हैं तो दूसरी तरफ भाजपा के क्षेत्रीय पार्षद हैं। क्षेत्रीय पार्षद के साथ एक और पूर्व डिप्टी मेयर और मैजूदा पार्षद का भी नाम आता है। सीन में कभी सांसद, कभी विधायक की एंट्री होने के स्वर सुनाई देते हैं।

## किस भाजपा जनप्रतिनिधि के फोन पर आया धमकी भरा फोन

### पुलिस बोली फिलहाल नजर आया रिकवरी वालों का मैटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को सोशल मीडिया पर एक पूर्व विधायक ने पोस्ट डाला की, गाजियाबाद में एक जनप्रतिनिधि और उनके परिवार को फोन कर धमकी व गाली गलौज की जा रही है। बच्चों को



गाली दी जा रही है इस मामले को लेकर जब पुलिस से बात की गई, तो बताया गया कि यह धमकी वाला मामला नहीं था। किसी लड़की ने फोन किया, जो फाइनेंस की रिकवरी वाले बताए जा रहे हैं। उन्होंने ही बदसलूकी की थी। इस मामले को लेकर अभी कोई लिखित शिकायत पुलिस को नहीं दी गई है लेकिन पुलिस ने जानकारी के बाद नंबर के आधार पर लड़की को ट्रेस कर लिया है और उसे थाने बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि पूरा मामला रिकवरी से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह देहात जोन की एक महिला प्रतिनिधि से जुड़ा हुआ मामला है। उनके फोन पर किसी ने फोन कर धमकी और गाली गलौज की, जिसकी भाजपा वाले निंदा भी कर रहे हैं। फिलहाल इस मामले को लेकर पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। वहीं पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामला गंभीर है, इसकी जांच कराई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## गाजियाबाद पुलिस ने घोषित किया 108 अपराधियों को गुंडा

### 6 माह के लिए जिले से किया गया जिला बदर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** साल 2025 में अब तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 108 अपराधियों को गुंडा घोषित कर जिला बदर किया जा चुका है। वहीं 64 अपराधियों को स्थानीय थानों में हाजिरी लगाने के आदेश भी दिए जा चुके हैं। पुलिस कमिश्नरेट में अधिकारियों का दावा है कि यह सख्त कदम त्यौहारी सीजन में शांति, कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित को लेकर उठाए जा रहे हैं। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कमिश्नरेट लगातार सख्त कदम उठा रही है। इसी क्रम में 18 सितंबर को न्यायालय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त गाजियाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के अंतर्गत सुनवाई के बाद आठ कुख्यात अपराधियों को गुंडा घोषित कर 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से जिला बदर कर दिया गया है।

**जिन 8 अपराधियों को गुंडा घोषित कर जिला बदर किया गया**

- सावेज निवासी थाना मुरादनगर
- निलेश उर्फ निक्की उर्फ शिवा निवासी थाना ट्रोनिका सिटी
- सत्यभान निवासी थाना लिंक रोड
- अंकित कुमार निवासी थाना खोड़ा
- सौरभ गोस्वामी निवासी थाना नंदग्राम
- शाहीद अफरीदी थाना शालीमार गार्डन
- आदित्य उर्फ आदी निवासी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक
- रवि शर्मा उर्फ कोटला निवासी थाना नंदग्राम

इन अपराधियों पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, झपटमारी, अवैध हथियार रखने, मारपीट, गाली-गलौज और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इनके आपराधिक इतिहास और स्थानीय जनता में इनके आतंक को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। पुलिस का मानना है कि इनकी जिले से निष्कासन से आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और अपराध पर अंकुश लगेगा।

# नमो मैराथन को सफल कराने में महानगर संगठन की दिखी ताकत

## महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने खुद को किया फिर साबित





**नमो मैराथन**

**“ मयंक गोयल ने बेहतर टीमवर्क के साथ काम किया और फिर से एक सफल आयोजन को अपने नाम किया**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल भाजपा के महानगर अध्यक्ष हैं औरउनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो हमेशा कार्यकर्ता भाव के साथ आगे बढ़ते हैं। संगठन सर्वोपरि है और भाजपा की संस्कृति की घुट्टी उन्हें विरासत में संस्कारों के रूप में मिली। महानगर अध्यक्ष पद संभलाने के बाद उन्होंने अपने विजन का कई बार परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में कई सफल आयोजन सफल हुए है और एक अध्यक्ष के रूप में वो अनुशासित शैली के साथ काम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत नमो मैराथन रेस में एक बार फिर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का सफल बेस दिखाई दिया। एक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने ये साबित किया कि उनकी लीडरशिप में अनुशासित और व्यवस्थित कार्यक्रम होता है। उन्होंने एक बार फिर एक सफल कार्यक्रम का आयोजन कराया। ये कार्यक्रम भले ही युवा मोर्चा के तत्वावधान में था, लेकिन यहां हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर पूरा ध्यान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का था। उन्होंने बेहतर टीमवर्क के साथ काम किया और एक बार फिर से एक सफल आयोजन को अपने नाम किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने नमो मैराथन के आयोजन में शत प्रतिशत अंक हासिल किये।

उन्होंने खुद को साबित किया और हजारों युवाओं की मौजूदगी और उस मौजूदगी के बीच भाजपा के बड़े नेता मंच पर और इन सबके बीच बेहतर तालमेल बनाकर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल। रविवार का दिन कहा जाए तो नमो मैराथन रेस में मयंक गोयल के फेस के नाम रहा। वो संगठन वाली ताकत का बेस बनाने में सफल रहे।

### 55 आरडब्ल्यूए का मिला नमो रेस को सपोर्ट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कार्यक्रम वास्तव में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के ही नाम था। यहां युवा मोर्चा की टीम थी, लेकिन इस पूरे कार्यक्रम को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व की कमांड मिली। कार्यक्रम में युवा चेहरों को नमो रेस में दौड़ना था। मगर जब सहभागिता की बात आई तो यहां मयंक गोयल का सहकारिता



मूल मंत्र दिखाई दिया। केवल युवा ही नहीं पहुंचे थे यहां पर एक दो या तीन नहीं बल्कि पूरी 55 आरडब्ल्यूए एसोसिएशन पहुंची थी। इन 55 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी पहुंचे। ये एक वो सहभागिता थी जो 2027 की चुनावी रणनीति का हिस्सा है। भाजपा का हाईराइज वोटर इन्हीं सोसाइटियों से निकलेगा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल इस वोटर को अभी से नमो रेस के लिये भी घर से निकाल लाने में सफल रहे हैं।

### छात्र दौड़े, कोच दौड़े और दौड़ा पूरा गाजियाबाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नमो मैराथन रेस चार किमी की थी और यहां एक बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। व्यवस्थित कार्यक्रम और युवाओं में जोश। सबसे बड़ी बात ये रही कि यहां स्कूली छात्र पहुंचे, यहां विभिन्न खेलों के कोच पहुंचे, खिलाड़ी पहुंचे, युवा पहुंचे और सब



एक साथमिलकर नमो मैराथन रेस में दौड़े। अगर दौड़ की बात करें तो इसमें कोई होड़ नहीं है, लेकिन वास्तव में ये दौड़ सफल रही है और यहां मयंक गोयल की अध्यक्ष के रूप में नेटवर्किंग शानदार तरीके से सामने आई।

### तिरंगा शौर्य यात्रा के बाद दूसरी बार दिखा मयंक गोयल का जलवा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष हैं और संगठन की पिच पर वो जबर्दस्त बेटिंग कर रहे हैं। पार्टी के लगातार आयाम आ रहे हैं और अध्यक्ष के रूप में वो कार्यकताओं के साथ काम रहे हैं। ये तब है जब उन्हें पूरी टीम नहीं मिली और पुरानी टीम से वो काम चला रहे हैं, लेकिन उन्होंने पुरान औजारों के साथ भी नए हुनर का कमाल दिखाया है। ठाकुरद्वारा से शुरू होकर नयुवग मार्केट के शहीद पथ पर जब उनके नेतृत्व में तिरंगा शौर्य यात्रा निकली थी तो मयंक गोयल यहां छा गए थे। इस यात्रा की गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दी थी और इस तिरंगा शौर्य यात्रा को एक रोल मॉडल के रूप में लिया गया था। ये उपलब्धि मयंक गोयल



के खाते में आई थी और एक बार फिर नमो मैराथन रेस में व्यवस्था, भीड़, सुविधा, हर चीज में टीमवर्क दिखाई दिया है। मैनेजमेंट दिखाई दिया है। नमो मैराथन रेस में दौड़ने वालों को फल, जूस, बिस्किट वितरित किये गये। झडों से लेकर टी-शर्ट और कैप वितरित की गई। यहां पर सबसे बड़ी बात ये रही कि सभी के सम्मान का विशेष ध्यान रखा गया।

# देशभर में आज से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें

## नवरात्र के पहले दिन कई वस्तुओं के दाम कम, उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**नई जीएसटी दरें आज से देशभर में लागू हो रही हैं, जिससे रसोई का सामान, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन सस्ते हो जाएंगे। सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए घी, पनीर, आइसक्रीम, टीवी, एसी जैसी चीजों पर कर घटा दिया है। कार, टू-व्हीलर और दवाओं के साथ-साथ सौंदर्य और स्वास्थ्य सेवाएं भी अब पहले से सस्ती मिलेंगी**

**नई दिल्ली।** जीएसटी की नई दरें आज से देशभर में लागू होने जा रही हैं। जीएसटी की नई दरों के लागू के बाद रसोई के जरूरी सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक लगभग 375 वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी।

केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए नवरात्रि के पहले दिन से वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरें कम करने का फैसला किया है।

इसे फैसले के लागू होने के बाद घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम उपभोग की वस्तुएं और टीवी, एसी, वाशिंग मशीन जैसी जरूरी वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।




### एसी, डिशवॉशर के दाम 1,610 से 8,000 तक घटे

वोल्टास, डाइकिन, हायर गोदरेज और पैनासोनिक जैसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने भी एयरकंडीशनर एवं डिशवॉशर की कीमतों में न्यूनतम 1,610 से 8,000 रुपये तक कटौती की है। कंपनियों को नवरात्र में 10 फीसदी से ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद है। गोदरेज अप्लायंसेज कैसेट और टावर एसी पर 8,550 से 12,450 रुपये के बीच दाम घटाए हैं। हायर ने 3,202 से 3,905 रुपये, वोल्टास ने 3,400 से 3,700 रुपये, डाइकिन ने 1,610 से 7,220 रुपये, एलजी इलेक्ट्रॉनिक ने 2,800 से 3,600 और पैनासोनिक ने 4,340 से 5,500 रुपये तक एसी के दाम कम किए हैं।

### कार और टू-व्हीलर की कीमतों में होगी कमी

नवरात्रि के पहले दिन यानी सोमवार से देशभर में कार और टू-व्हीलर खरीदारों सस्ती होने वाली हैं। अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियां मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों की कीमतों में कटौती का एलान किया है। इसी तरह लग्जरी कार निमार्ता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ टू-व्हीलर कंपनियां भी कीमतें घटा रही हैं। यह बदलाव 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों के कारण हो रहा है।

### सेवाएं भी होंगी सस्ती

सेवाओं की बात करें तो सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं जिनमें हेल्थ क्लब, सैलून, नाई, फिटनेस सेंटर, योग आदि सेवाओं पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) 18 प्रतिशत से घटाकर बिना टैक्स क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

इसके अलावा, हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप बार, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे दैनिक उपयोग के उत्पाद भी सस्ते होने की संभावना है, क्योंकि इन पर कर वर्तमान 12/18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैल्कम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, आफ्टर-शेव लोशन जैसी अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी देखने को मिलेगी। इन उत्पादों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है। 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी एक द्वि-स्तरीय संरचना होगी। जिसमें अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। अति विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पाद 28 प्रतिशत और उपकर की श्रेणी में बने रहेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया

### देशवासियों को नवरात्र और जीएसटी सुधारों को लेकर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे।

2025 राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि




आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा।

उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है. नियो मिडिल क्लास की बारी है।

### अमूल ने दूध समेत 700 उत्पादों के दाम घटाए

अमूल ने भी 700 से ज्यादा उत्पादों की कीमतों में कटौती की है। इनमें घी, मक्खन, बेकरी व अन्य उत्पाद शामिल हैं। 610 रुपये किलो वाला घी अब 40 रुपये सस्ता होगा। 100 ग्राम मक्खन 62 रुपये के बजाय 58 रुपये व 200 ग्राम पनीर 99 रुपये के बजाय 95 रुपये में मिलेगा। पैकेज्ड दूध दो-तीन रुपये सस्ता होगा। इससे पूर्व मदर डेयरी भी दाम में कटौती की घोषणा कर चुकी है।

### रेल नीर भी सस्ता, एक रुपये कम होगी कीमत

भारतीय रेलवे ने रेल नीर सस्ता कर दिया। अब एक लीटर की बोतल की कीमत 15 से घटकर 14 रुपये होगी। आधा लीटर की बोतल 10 के बजाय नौ रुपये में मिलेगी। रेलवे परिसरों/ट्रेनों में आईआरसीटीसी व अन्य ब्रांडों की पेयजल बोतलों के दाम भी 14 और नौ रुपये हो गए हैं।

### शिकायतों के लिए पोर्टल पर विशेष सेक्शन

सरकार ने संशोधित जीएसटी दरों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य उप-श्रेणियां हैं।






### दवाओं से लेकर घर बनाने वाले सामान तक हुए सस्ते

विभिन्न एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के लिए कीमतें कम करने का एलान पहले ही कर दिया है। अधिकतर दवाओं और फॉर्मूले व ग्लूकोमीटर और डायग्नोस्टिक किट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिए जाने से आम आदमी के लिए दवाओं की कीमतें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, घर बनाने वालों को भी लाभ होगा क्योंकि सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने पहले ही दवा की दुकानों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी कटौती के लाभों को ध्यान में रखते हुए अपनी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) संशोधित करें या कम दरों पर दवाइयां बेचें।

## जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का होगा सृजन

### ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट : सीएम योगी




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देश और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया।

### युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन से जुड़ रही

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ह्यआजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत का सम्मान करना होगा, सेना व वदीर्धारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने 'विकसित भारतझविकसित उत्तर प्रदेश' अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अभियान को प्रदेश में युवाओं, किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों का अपार समर्थन मिल रहा है। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में योगदान देने को तैयार है।

आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे 'नमो मैराथन' से समाज को नई दिशा मिलती है। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य और युवा कल्याण से जुड़े कई अभियानों को गति दी। विश्व योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली, खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, ह्यसांसद खेलकूद प्रतियोगिताएंह्ण जैसे अभियानों से युवाओं को प्रेरणा मिली। साथ ही ह्यमिशन रोजगारह्ण के जरिए युवाओं के लिए अवसर सुनिश्चित किए गए। आज वही युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत 'नमो मैराथन' से जुड़ रही है।

## चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश

### एसआईआर से जुड़े सभी काम 30 सितंबर तक निपटाएं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। यह प्रक्रिया अक्तूबर-नवंबर से शुरू हो सकती है। आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना और पारदर्शिता बढ़ाना है।

चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्तूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरूआत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने



के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग

कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची मौजूद है, जब राजधानी में आखिरी बार एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में 2006 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार में 2003 की सूची को गहन पुनरीक्षण के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### राज्यों में मैपिंग का काम पूरा

अधिकांश राज्यों ने 2002 से 2004 के बीच एसआईआर कराई थी। अब वहां वर्तमान मतदाताओं को उन पुरानी सूचियों से मिलान करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग का कहना है कि बिहार के बाद यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

### आगामी चुनावों से पहले तैयारी

गौरतलब है कि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया इन चुनावों से पहले मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

### विदेशी घुसपैठियों पर निगरानी

चुनाव आयोग का कहना है कि गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना है। इसके लिए मतदाताओं के जन्मस्थान की जांच की जाएगी। यह कदम उस समय और भी अहम हो जाता है जब कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## वाहनों से जातीय महिमामंडन के चिह्न हटे

### स्कूलों में पढ़ाया जाए जातिवाद के खिलाफ पाठ

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वाहनों और सोशल मीडिया पर जातीय महिमामंडन के चिह्नों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा है कि सरकार स्कूलों में जातिवाद विरोधी पाठ और जागरूकता अभियान चलाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने शराब तस्करी मामले के आरोपी इटावा के प्रवीण छेत्री के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, पुलिस के दस्तावेज में जाति आधारित एंट्री को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। इससे पहले कोर्ट ने मार्च में डीजीपी से हलफनामा तलब कर पूछा था कि किस कानून में लिखा है कि पुलिस आरोपी की जाति पूछेगी। इस खबर को अमर उजाला ने छह मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था।

इसके बाद डीजीपी ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि जाति से लोगों की पहचान करने में मदद मिलती है। इस पर कोर्ट ने उनके तर्कों को सिरे



से खारिज कर दिया। कहा, अत्याधुनिक तकनीक के उपलब्ध रहते यह कुतर्क है। इस दौर में पुलिस के पास पहचान के लिए फिंगरप्रिंट, आधार, मोबाइल नंबर और माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक साधन उपलब्ध हैं। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह तत्काल पुलिस फॉर्म से अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य की जाति और धर्म की प्रविष्टियां हटाए। जाति महिमामंडन वाले साइन बोर्ड भी थानों में नजर न आएं।

**क्या है मामला :** 29 अप्रैल 2023 को प्रवीण और अन्य की इटावा में दो कार की तलाशी के दौरान 300 बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। दोनों वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट थे। पुलिस ने दावा किया कि छेत्री शराब तस्करी गिरोह का सरगना था। इस पर उसने सफाई दी थी कि वह पारिवारिक समारोह में गया था और लिफ्ट ले रहा था, उसका शराब से कोई वास्ता नहीं है। छेत्री ने ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक कार्यवाही को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस के दस्तावेजों में आरोपी की जाति का उल्लेख देख डीजीपी से हलफनामा तलब किया था।

## महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्सअकाउंट हैक, हैकर्स ने पाक और तुर्की के झंडे किए पोस्ट

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व ट्विटर) हैंडल आज हैक हो गया. हैकर्स ने उनके अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाली तस्वीरें पोस्ट कीं. घटना के बाद अकाउंट को 30 से 45 मिनट में सुरक्षित किया गया. मामले की जानकारी साइबर क्राइम पुलिस को दे दी गई है और जांच जारी है।




हैकर्स ने दोनों इस्लामी देशों (पाकिस्तान और तुर्की) के झंडे वाली तस्वीरें उस दिन पोस्ट कीं, जिस दिन भारत और पाकिस्तान एशिया कप में अपना दूसरा मैच खेलने वाले हैं। इस मामले में एक अधिकारी ने बताया कि हमने तुरंत साइबर अपराध पुलिस को सूचित किया है. डिप्टी सीएम के एक्स हैंडल की जिम्मेदारी हमारी टीम ने संभाल ली और बाद में अकाउंट को फिर से हासिल कर लिया। महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि ये घटना चौंकाने वाली है और राज्य के साइबर सुरक्षा ढांचे पर सवाल उठाती है. उन्होंने कहा कि हैकिंग की इस घटना पर खासकर जेन-जी समुदाय की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं. लोगों ने पूछा है कि अगर वरिष्ठ मंत्रियों के सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित नहीं रह सकते, तो आम नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा की क्या गारंटी है।

कांग्रेस विधायक ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह घटना राज्य के गृह विभाग पर भी सवालिया निशान लगाती है. क्योंकि लोग पूछ रहे हैं कि इसकी ज़िम्मेदारी कौन लेगा और नागरिकों के डिजिटल डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## बाढ़-बारिश ने छीने आशियाने, सपनों के घर हुए खंडहर, 25 दिन से शिविरों में आसरा

**जम्मू।** भारी बारिश और बाढ़ ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में 50 से अधिक परिवारों के आशियाने उजाड़ दिए, जिससे लोग पिछले 25 दिनों से राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। प्रभावितों का कहना है कि अब तक केवल आश्वासन मिले हैं, जबकि मकानों में गाद और कीचड़ भरा है और पुनर्निर्माण की कोई व्यवस्था नहीं हुई।



भारी बारिश और बाढ़ ने इस बार खूब कहर ढाया है। सांबा में 50 लोगों के आशियाने छीन लिए। लोग सपनों के घर को छोड़कर 25 दिन से राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। शिविरों में रह रहे हैं। शिविरों में रह रहे लोगों का कहना है कि घरों में जलभराव से गाद जमा हो चुकी है। मकानों की नींव और छतों को क्षति पहुंची है। मकान खंडहर बन चुके हैं। जिला प्रशासन ने सांबा के बस स्टैंड के पास नगर परिषद के सामुदायिक भवन में उनको ठहराया है। भोजन-पानी की व्यवस्था भी की है।

### लोगों का दर्द...

बारिश-बाढ़ ने अरमानों पर पानी फेरा कुलदीप कुमार ने कहा कि शिविर से रोज घर जाता हूं। घर की हालत देख आंसू आ जाते हैं। एक-एक पाई जोड़कर घर बनाया था। बारिश और बाढ़ ने अरमानों पर पानी फेर दिया है। मदद के नाम पर अभी तक आश्वासन ही मिले हैं। खानाबदोशों की तरह शिविरों में कितने दिन बिताएंगे। प्रशासन और सरकार से गुजारिश प्रभावित लोगों की जल्द मदद की जाए।

### घरों में दो फुट तक जम चुका कीचड़

सुनीता देवी ने कहा कि 25 दिनों से शिविर में दिन काट रहे हैं। गांव के अधिकांश लोग मजदूरी कर पेट पालते हैं। घरों की हालत बदतर हो चुकी है। घरों में दो फुट तक कीचड़ जम चुका है। बदहाल मकानों की हालत सुधारने की हैसियत नहीं है। घर में रखा राशन, कपड़े और जरूरी सामान बह गया है। अब सरकार पर ही आस है।

## आप सांसद संजय सिंह के बिगड़े बोल, कहा- ट्रम्प से जूते पड़ने पर भाजपाई चिल्ला रहे स्वदेशी-स्वदेशी

**लखनऊ।** आप के राज्यसभा सांसद ने भाजपा के स्वदेशी अपनाओ नारे पर रविवार को जमकर हमला बोला है। सुल्तानपुर में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन की ओर से छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडिया से बात की। संजय सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री का रहन-सहन, उनका कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा तो विदेशी सामानों पर निर्भर है। आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन को ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं। चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं तो अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप। क्या है स्वदेशी? स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं sudheer kumar sharma सुधीर कुमार शर्मा निवासी डी 258 संजय नगर सेक्टर 23 गाजियाबाद मेरी पुत्री खुशी शर्मा के स्कूल में मेरा अंग्रेजी में नाम Sudhir kumar sharma दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरा अंग्रेजी में सही नाम Sudheer kumar sharma है आज से मुझे मेरे सही नाम से पहचाना जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 22 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सुंदर भाटी गैंग पर बादशाहत कायम करना चाहता था हिस्ट्रीशीटर बलराम

## अगर एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह नहीं चलाते एमपी-5 तो चली जाती तीन सिपाहियों की जान

**एनकाउंटर**

"क्राइम ब्रांच के सिपाही मनोज ने दिलेरी से दौड़ा दी थी बलराम के पीछे गाड़ी

गौरव शशि नारायण













**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस ने 50 हजार के ईनामी बदमाश बलराम ठाकुर के गुंडाराज को समाप्त कर दिया है। पुलिस और हिंडन मोर्चरी हाउस पर पहुंचे उसके परिजनों से बातचीत में पता चला है कि बलराम ठाकुर ने न सिर्फ अपनी पत्नी की हत्या की थी बल्कि सालों पर जानलेवा हमला करने के साथ ही वह बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर सहित कई जिलों में बदमाशों को अपने गैंग से जोड़ने का काम कर रहा था। तो उसका मकसद था कि खत्म हो रहे अनिल दुजाना गैंग में सुंदर भाटी गैंग को शामिल किया जाए और फिर वह इस पूरे गैंग का बादशाह बन जाए। वहीं पता चला है कि रंगदारी मांगने के लिए जब बलराम ठाकुर किसी को फोन करता था, तो बताता था कि वह अनिल दुजाना का गुरु है ताकि सामने वाला कारोबारी या व्यक्ति डर जाए और उसे रंगदारी की पूरी कीमत मिल सके।

पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि 2010 के आसपास जब बलराम ठाकुर जेल में था, तो वह पूर्वांचल के माफिया अजय सिपाही से संपर्क में आया था और जेल में उसकी मुलाकात भी हुई थी। उसके बाद से उसने पश्चिम उत्तर प्रदेश में अनिल दुजाना गैंग के लिए प्रमुखता से काम करना शुरू कर दिया। तो वहीं क्राइम पर काम करने वाले वर्तमान और पूर्व पुलिस के अधिकारी बताते हैं कि बलराम ठाकुर ने बीते 28 सालों में अपराध की दुनिया में ताबड़तोड़ वारदात की हैं।

उसपर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 34 अलग-अलग जिलों में मुकदमे हैं। तो वह लग्जरी गाड़ी रखने का शौकीन होने के साथ ही बुलेट प्रूफ जैकेट, ऑटोमेटिक पिस्टल और विदेशी हथियार भी रखता था। गाजियाबाद पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले इसा बदमाश और सुंदर भाटी गैंग-अनिल दुजाना गैंग को जोड़कर नई बादशाहत काम करने के मामले को फिलहाल फुल इनकाउंटर करके शांत कर दिया है।

सूत्र बता रहे हैं कि इसके कई गुर्गे अभी भी एक्टिव मोड में हैं। बताया जा रहा है कि बालराम ठाकुर के साथ गाड़ी में एनकाउंटर के वक्त तीन बदमाश और भी मौजूद थे, जिनको पुलिस जल्द ही रडार पर ले सकती है। बदमाशों के लिए पुलिस की टीमें लगातार एक्टिव हैं।



### अगर एडीसीपी क्राइम नहीं चलाते एमपी-05 गन तो चली जाती तीन पुलिस कर्मियों की जान

करंट क्राइम : पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है जिस वक्त क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम गाजियाबाद और कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर का आमना- सामना हो रहा था। इस दौरान एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह बुलेटप्रूफ जैकेट पहने हुए टीम को लीड कर रहे थे। अचानक बलराम ने गोली चलाई, जिसके बाद उन्होंने अपने हमराह की एमपी-05 गन को छीना और बदमाशों की ओर फायर शुरू कर दिए। जिससे सिपाही वरुण, विशाल और मनोज सहित क्राइम टीम की जान बच गई। बताया जा रहा है कि अगर एडीसीपी एमपी-05 गन से फायरिंग ना करते तो इस मुठभेड़ में कई पुलिसकर्मियों की जान भी जा सकती थी।

### रंगदारी मांगने के बाद वसूली के लिए खुद पहुंचता था कुख्यात बदमाश बलराम

करंट क्राइम : बुलंदशहर और नोएडा पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुख्यात बलराम ठाकुर जिससे भी फिरौती की डिमांड करता था, वह रकम लेने के लिए खुद पहुंचता था। साथ ही अपने साथ गुर्गों को लेकर चलता था। उसके पास एक बुलेट प्रूफ जैकेट होने के साथ ही इंग्लिश हथियार भी थे। पुलिस ने उससे कई हथियार बरामद किए हैं। साथ ही बलैनो गाड़ी की डिग्गी में बुलेट प्रूफ जैकेट भी मिली है।

### हरिद्वार के आश्रमों में फरारी काटता था कुख्यात बलराम ठाकुर

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि अपराध की दुनिया में बीते 28 सालों से लूट, हत्या, अपहरण और सनसनीखेज वारदात करने वाला कुख्यात अनिल दुजाना गैंग का खुद को गुरु बताने बलराम ठाकुर पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आतंक का पर्याय था। वह किसी बड़ी घटना करने के बाद पुलिस से बचने के लिए हरिद्वार के आश्रम में जाकर रूकता था। वहां वह अपना चोला बदल लेता था, दिनभर आश्रम में रहता था और रात को होटलों पर खाना खाकर फिर रात गुजारता था। सबसे खास बात यह है कि वह फोन पर अधिक लोगों से संपर्क नहीं रखता था और पत्नी की हत्या करने के बाद उसने किसी महिला से दोस्ती एवं संबंध नहीं रखें। जिसकी वजह से वह पुलिस की रडार से लंबे समय तक बचता रहा।

### ट्रांसपोर्टर को बनाया दुजाना में बंधक, रंगदारी लेकर छोड़ा था

करंट क्राइम : पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ने बताया कि जुलाई 2025 में मसूरी क्षेत्र एक ट्रांसपोर्टर से बलराम ठाकुर ने 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। न देने पर बलराम और इसके साथियों ने ट्रांसपोर्टर का अपहरण कर लिया। ट्रांसपोर्टर को दुजाना गांव में बंधक बनाकर रखा गया। दो दिन बाद दो लाख रुपये और 15 तोला सोना लेकर ट्रांसपोर्टर को मुक्त किया गया। इसके साथ ही मिष्ठान भंडार संचालक और लोहा कारोबारी से रंगदारी मांगी। मुठभेड़ शनिवार रात वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार बलराम पर 34 आपराधिक मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। 17 सितंबर की रात को बलराम यादव ने मदन स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के मालिक ब्रह्मपाल यादव को फोन कर 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। इसके तीन मिनट बाद ही लोहा कारोबारी अभिषेक गोयल से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। न देने पर परिवार सहित हत्या की धमकी दी। देर शाम स्वॉट टीम ने बलराम यादव को मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया है। सूचना पर मुठभेड़ स्थल पर पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ पहुंचे और टीम से जानकारी ली। बता दें, वर्ष 2024 में पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अनिल दुजाना को भी ढेर किया था।

### दो गोली में ढेर हो गया 50 हजार का ईनामी बदमाश, क्राइम ब्रांच के सिपाही मनोज ने दिखाई दिलेरी





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव चौधरी, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत अपनी टीम की तारीफ कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि पुलिस पोस्टमार्टम के बाद बलराम ठाकुर के शरीर में दो गोली के निशान और घाव मिले हैं। जिसमें एक गोली पैर पर लगी थी, वह अनिल राजपूत की पिस्टल से चली है। दूसरी सीने पर लगी वह एक-47 से चलाई गई थी। वहीं यह बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ के दौरान सिपाही मनोज क्राइम ब्रांच की बुलेरो गाड़ी को चला रहा था। वह इस कदर दिलेर है कि उसने बलराम ठाकुर की गाड़ी के पीछे अपनी गाड़ी लगा दी थी। जिसके बाद बलराम ठाकुर ने एक के बाद एक कई फायर पुलिस की गाड़ी पर भी दागे लेकिन सिपाही मनोज ने दिलेरी दिखाई और वह गाड़ी दौड़ता रहा। जिसकी वजह से पुलिस और बदमाशों की आमने-सामने वाली मुठभेड़ हो पाई है।

**बलराम पर दर्ज थे 34 मुकदमे**

### कमिश्नर का व्यापारी जल्द करेंगे सम्मान

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों और व्यापारी संगठनों से जानकारी मिली है कि लोहा मंडी व्यापार संगठन और शहर के कई अन्य व्यापारिक जल्द ही पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और 50 हजार के कुख्यात अनिल दुजाना गैंग के बदमाश बलराम ठाकुर को मौत के घाट उतारने वाले पुलिस टीम को सम्मानित करने का काम किया जाएगा। साथ ही जल्द ही पुलिस प्रमुख स्तर से गाजियाबाद पुलिस को पुरस्कार की घोषणा आने वाले 26 जनवरी पर की जा सकती है। इसके लिए गाजियाबाद पुलिस पेपर वर्क शुरू कर चुकी है।

### मदन स्वीट और रेस्टोरेंट के मालिक व परिवार की सुरक्षा पर पुलिस को देना होगा ध्यान



करंट क्राइम : मदन स्वीट के मलिक ब्रह्मपाल यादव हैं। उनकी नेहरू नगर राकेश मार्ग पर मदन स्वीट एंड रेस्टोरेंट के नाम से लगभग 40 साल पुरानी दुकान है। उनके गाजियाबाद के अलावा गौतमबुद्ध नगर में भी आउटलेट हैं। पूरा परिवार व्यापार में एक्टिव रहता है। उनकी पत्नी से लेकर पुत्र और अन्य परिजन भी व्यापार के सिलसिले में बाहर आते जाते रहते हैं। उनपर पहले भी अनिल दुजाना गैंग के बिल्लू दुजाना द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। उसके बाद उन्हें सुरक्षा कर्मी प्रदान किए गए थे, लेकिन बताया जा रहा है कि इन दिनों उनपर सुरक्षा कर्मी नहीं हैं। आने वाले समय में त्यौहारी सीजन है और जिस तरीके से बलराम ठाकुर को पुलिस ने फुल एनकाउंटर कर उसे मौत के घाट उतारा है, उसके बाद पूरे परिवार को डर है। उन्होंने इस मामले में पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद को सुरक्षा और दुकान में अन्य प्रतिष्ठानों पर पुलिस से सुरक्षा एवं सहायता मांगी है। साथ ही परिवार को सरकारी सुरक्षा व गनर उपलब्ध कराने के लिए भी लैटर लिखा गया है। साथ ही पीड़ित कई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से भी संपर्क साधने का काम कर रहा है ताकि उनको सुरक्षा मिल जाए और वह भयमुक्त रहें। बता दें की मदन स्वीट एंड रेस्टोरेंट के मालिक से बीते पांच साल के दौरान दो बार रंगदारी मांगी गई थी। जिसमें रंगदारी मांगने वाले दोनों बदमाशों का पुलिस ने फुल एनकाउंटर करने का काम किया है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने जब सांसद अतुल गर्ग के विजन को बताया

## मंच पर किया बात को साझा... बोले, जैसा कि अतुल जी ने बताया



### जब अतुल गर्ग ने बदल दिये गेहूं खरीद के बारे में केंद्र के विचार



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिस बात को मुख्यमंत्री मंच से दोहरा रहे थे वो बात दरअसल गेहूं खरीद से जुड़ी है। अतुल गर्ग राज्य सरकार में थे और ये वर्ष 2017 की बात है। सरकार आने के बाद प्रशिक्षण शिविर चल रहा था और इस प्रशिक्षण शिविर में प्रमुख सचिव ने गेहूं की खरीद का लक्ष्य रखा था। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह लक्ष्य 50 लाख टन का होना चाहिए। यहां पर खाद्य एवं रसद मंत्री रहते हुए अतुल गर्ग ने काम किया और यह लक्ष्य पूरा हुआ और अगले साल 55 लाख टन गेहूं की खरीद की गई। पहले पंजाब से यूपी में गेहूं आता था, लेकिन जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लक्ष्य से भी अधिक गेहूं खरीद की जानकारी मिली तो उन्होंने दिल्ली में तत्कालीन खाद्य रसद केंद्रीय मंत्री के पास अतुल गर्ग को भेजा था और वहां अतुल गर्ग ने ये जानकारी दी थी कि आप हमें गेहूं क्यों भेज रहे हो। तब तत्कालीन मंत्री ने कहा था कि आपके यहां गेहूं की खरीद नहीं होती। तब अतुल गर्ग ने ये जानकारी दी थी कि हमारे पास स्टॉक में इतना गेहूं है कि हमें किसी से गेहूं लेने की जरूरत नहीं है बल्कि हम नॉर्थ ईस्ट को सप्लाई कर सकते हैं। इसी बात को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से दोहराया था।

### जब अतुल गर्ग बोले-गाजियाबाद है गेटवे ऑफ यूपी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का विजन उनकी कार्यशैली के मुख्यमंत्री भी कायल हैं। गेहूं खरीद क पूरे किस्से को मुख्यमंत्री ने दोहराया। वहीं अतुल गर्ग ने भी एक बार फिर आत्मनिर्भर मंत्र की बात की और उन्होंने बाकायदा उदाहरण से ये बात रखी। उन्होंने कहा कि ड्रोन से लेकर हथियार तक नोएडा, गाजियाबाद में फैक्टी है। उन्होंने कई चीजें गिनाई और कहा कि भारत के विकास का रास्ता यूपी से होकर गुजरता है और गाजियाबाद गेटवे ऑफ यूपी है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और यहां तक आने का सफर उन्होंने दो बार विधायक बनकर तय किया है। वो उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हैं, वो उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्यमंत्री रहे हैं। अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और वो केवल लोकसभा सांसद नहीं हैं, वो एक ऐसे सांसद हैं जिन्हें दिल्ली चुनाव में प्रदेश सहप्रभारी बनाया गया और ये उनका भी योगदान है कि वहां भाजपा सरकार आ गई। जब देश की महामहीम राष्ट्रपति तीन देशों की यात्रा पर गईं तो व्यपापार संबंधी इस यात्रा में एक चेहरा सांसद अतुल गर्ग का भी था। ये अतल गर्ग पर सरकार का भरोसा है।

हाल ही में जब भारत का संसदीय मंडल भारत के पक्ष को रखने के लिये विदेश दौरे पर गया तो इस टीम में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी थे। ये सब उपलब्धियां केवल अतुल गर्ग के हिस्से में नहीं आई हैं, बल्कि ये सब उपलब्धियां उस लोकसभा क्षेत्र के हिस्से में भी आई हैं जहां से अतुल गर्ग सांसद हैं। अतुल गर्ग ने सबसे पहले लोकसभा में आवारा कुत्तों का मुद्दा उठाया और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया। वो एक विजन के साथ काम करते हैं और जब मुख्यमंत्री गाजियाबाद के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आए तो एक बार फिर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का विजन मुख्यमंत्री के शब्दों में दिखाई दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का जिक्र किया। उनके विजन का जिक्र किया और फिर जब मुख्यमंत्री ने माइक संभाला तो उन्होंने उस विषय का जिक्र और कहा कि जैसा कि अतुल जी ने बताया।

अतुल गर्ग ने एक बड़ी उपलब्धि विधायक रहते समय हासिल की थी और उन्होंने जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके बारे में बताया था तो मुख्यमंत्री भी हैरान रह गए थे और इसी बात का जिक्र मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में किया। उन्होंने उसी बात को दोहराया और ये एक ऐसा पल है जिस पर गाजियाबाद की जनता गौरव कर सकती है। अतुल गर्ग के शब्दों को, अतुल गर्ग के विजन को, अतुल गर्ग की रणनीति को मुख्यमंत्री ने फिर से दोहराया।

# नदिया पार के किस मंडल का रक्तदान शिविर नहीं पार कर सका दहाई का आंकड़ा

## आठ घंटे चले शिविर में पहुंचे केवल 9 लोग

**बताते हैं कि रक्तदान कैंप में पहुंची टीम के लोग ब्लड डोनर को ढूंढते रहे, उनका इंतजार करती रहे। मंडल के प्रधान फोन मिलाते रहे, लेकिन कोई भी रक्तदान करने नहीं पहुंचा।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 400 पार का नारा देने वाली भाजपा अब अपने ही गढ़ में पिछड़ गए। जिस विधानसभा में उसे सबसे बड़ा जनादेश मिला है, उस विधानसभा में एक मंडल ऐसा भी है जहां 8 घंटे तक चले रक्तदान शिविर में केवल 9 लोग पहुंचे। नदिया पार के एक मंडल में इस रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया था। भाजपा के मंडल प्रधान इसके संयोजक थे और अब जो बात रक्तदान शिविर से निकलकर बाहर आई है वो ये है कि इस रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों का आंकड़ा दहाई भी पार नहीं कर सका। इकाई पर मामला सिमट गया, जबकि यहां मंडल में ही सैकड़ों भाजपाई रहते हैं।

किस्सा पूरे मंडल में गूंज रहा है। नदिया पार के एक मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। फूल वालों के मंडल अध्यक्ष इसके संयोजक थे। बताया जाता है कि ये मंडल अध्यक्ष व्हॉटसएप ग्रुप पर तो बहुत एक्टिव रहते हैं। कभी ग्रुप से लोगों को रिमूव करते हैं तो कभी लोगों को एड करते हैं। बताया ये जाता है कि बख्शा तो इन्होंने पूर्व वालों को भी नहीं है। इस मंडल के बारे में ये भी कहा जाता है कि यहां पूरी भाजपा कभी एक साथ आई ही नहीं। मंडल वाले ही बताते हैं कि इस मंडल में पूरी भाजपा का एक साथ वाला फोटो नहीं है। मंडल वाली टीम एकसाथ नहीं है।

बड़ा मंडल है और बड़े मंडल में जब ब्लड डोनेशन कैंप लगा तो पता चला कि रक्तदान करने वालों का आंकड़ा दहाई भी पार नहीं कर पाया। केवल लोगों 9 ने रक्तदान किया। सबसे बड़ा कमाल तो ये हुआ कि रक्तदान करने वालों से ज्यादा लोग तो उस टीम में थे जो रक्त एकत्र करने पहुंची थी। यहां पर रोटरी और वरदान के ही स्टाफ की संख्या 10 थी। जबकि रक्तदान केवल 9 लोगों ने किया। बताते हैं कि रक्तदान कैंप में पहुंची टीम के लोग ब्लड डोनर को ढूंढते रहे, उनका इंतजार करती रहे। मंडल के प्रधान फोन मिलाते रहे, लेकिन कोई भी रक्तदान करने नहीं पहुंचा।

## संपादकीय

# टकराव में जनता का भरोसा न टूट जाए

कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के अलंद और महाराष्ट्र के राजुरा में मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का आरोप लगाया। पारदर्शिता लोकतंत्र का जीवन है। जनता की ओर से प्रश्न उठना भी लोकतंत्र में एक स्वाभाविक और जरूरी प्रक्रिया है। साथ ही संदेहों और सवालों के जवाब अगर समय पर सामने आ जाएं, तो इससे देश में लोकतांत्रिक जड़ें मजबूत ही होंगी। मगर कई बार राजनीतिक उठा-पटक के बीच धुंध जब ज्यादा गहरी हो जाती है, तब विश्वास का संकट खड़ा होने की आशंका उपजती है।

इस लिहाज से देखें तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पिछले कुछ समय से मतदाता सूची में हेरफेर को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं, वे अब बहस का मुद्दा बन चुके हैं और आम लोगों के सामने एक तरह के ऊहापोह की स्थिति बनती जा रही है। ऐसे में जरूरी यह है कि चुनाव आयोग अपने स्तर पर सामने आकर इससे उपजे सभी तरह के संदेहों को दूर करे, ताकि मतदान की प्रक्रिया को लेकर विश्वसनीयता का संकट खत्म हो।

गौरतलब है कि गुरुवार को राहुल गांधी ने एक बार फिर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर सवाल उठाया और कर्नाटक में आलंद निर्वाचन क्षेत्र का हवाला देते हुए कहा कि वहां किसी ने गलत तरीके से 6,018 वोट हटाने की कोशिश की। मगर इस क्रम में चूंकि खुद बूथ-स्तरीय अधिकारी के संबंधी का वोट भी हट गया था, इसलिए उसकी जांच के बाद सिरे खुलते गए, जो बेहद चिंताजनक थे।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भी ऐसा ही मामला देखा गया। जाहिर है, मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम हटाने का यह आरोप बेहद गंभीर है और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। मगर इस मसले पर निर्वाचन आयोग की ओर से फिर से एक संक्षिप्त जवाब आया कि इस तरह मतदाताओं का नाम हटाने को लेकर लगाए गए आरोप गलत और आधारहीन हैं। कुछ समय पहले भी जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में ही फर्जी मतदाताओं को सूची में जोड़ने का आरोप लगाया था, तब भी मुख्य चुनाव आयुक्त ने उसे खारिज कर दिया था। सवाल है कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से जोड़ने या फिर हटाने के इस समूचे मामले को अब जिस तरह देखा जा रहा है, क्या आयोग के संक्षिप्त जवाब से इससे संबंधित आशंकाओं का निराकरण हो सकता है! दरअसल, जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस मामले की व्यापक और निष्पक्ष जांच करा कर इससे संबंधित तथ्य जनता को उपलब्ध कराए, ताकि आम लोगों का विश्वास लोकतंत्र को मजबूती देने की प्रक्रिया में बना रहे। विडंबना यह है कि संविधान में जिस मतदान के जरिए लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की ठोस व्यवस्था की गई है, उसे सुनिश्चित करने के लिए तैयार होने वाली मतदाता सूची में गड़बड़ी के इतने गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं और उस पर कोई स्पष्टता कायम होने के बजाय यह सवाल महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के दुश्चक्र में उलझता दिख रहा है।

# 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ महाराष्ट्र सबसे अमीर राज्य

## आमची मुंबई दौलत के मामले में सबसे अव्वल



**नई दिल्ली।** पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

महाराष्ट्र ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में पहले स्थान पर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। इसके मुताबिक, राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं, जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

**आमची मुंबई दौलत के मामले में शहरों में अव्वल :** शहरों की बात करें तो मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं। एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है।

### महाराष्ट्र के बाद दौलत के मामले में दिल्ली है मालामाल

भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 करोड़पति परिवारों के साथ उसके करीब है। पश्चिम बंगाल 50,400 परिवारों के साथ, राजस्थान 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। ये सभी राज्य मिलकर भारत के संपत्ति के नक्शे को आकार देने वाले आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# GTRI बोला- एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ने से US को ही घाटा

**नई दिल्ली।** थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर प्रति कर्मचारी 100,000 अमेरिकी डॉलर करने के फैसले से भारत से ज्यादा अमेरिका को नुकसान होने की संभावना है। भारतीय आईटी कंपनियां पहले से ही अमेरिका में 50-80 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दे रही हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि इससे बहुत अधिक नई नौकरियां पैदा नहीं होंगी। इसके बजाय स्थानीय लोगों की तुलना में भारतीयों को साइट पर नियुक्त करना महंगा हो जाएगा। कंपनी ने कहा कि पांच साल के अनुभव वाले एक आईटी प्रबंधक को अमेरिका में 120,000-150,000 अमेरिकी डॉलर मिलते हैं, जबकि एच-1बी पर यह 40 प्रतिशत कम और भारत में 80 प्रतिशत कम है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस भारी शुल्क का सामना करते हुए कंपनियां ऑफशोरिंग में तेजी लाएंगी और भारत से दूरस्थ रूप से अधिक काम करेंगी। इसका मतलब है कि एच-1बी आवेदनों में कमी, स्थानीय स्तर पर नियुक्तियां कम होंगी, अमेरिकी ग्राहकों के लिए परियोजना लागत बढ़ेगी और



नवाचार में कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि भारत को सॉफ्टवेयर, क्लाउड और साइबर सुरक्षा में घरेलू क्षमता निर्माण के लिए वापस लौटने वाली प्रतिभाओं का उपयोग करके शुल्क वृद्धि से लाभ उठाने की योजना बनानी चाहिए। इससे अमेरिका का संरक्षणवादी कदम भारत के डिजिटल स्वराज मिशन के लिए दीर्घकालिक बढ़ावा बन जाएगा।

## मलयेशियाई कंपनी मैक्सिस को CBI अदालत का समन

### एयरसेल-मैक्सिस भ्रष्टाचार मामले में मलयेशियाई दूरसंचार कंपनी मैक्सिस को समन जारी

एक विशेष अदालत ने मलयेशियाई दूरसंचार कंपनी मैक्सिस और उसके पूर्व निदेशक ऑगस्टस राल्फ मार्शल को सीबीआई के अनुरोध पर ताजा समन जारी किया है। यह समन पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2006 में एयरसेल के अधिग्रहण के लिए इसकी सहायक कंपनी को दी गई एफआईपीबी मंजूरी के संबंध में है।

एजेंसी ने मामले के संबंध में मलयेशियाई कंपनी एस्ट्रो ऑल एशिया नेटवर्क को भी सम्मन जारी करने का अनुरोध किया है, जिसे भी विशेष अदालत ने मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने मलयेशिया में समन की तामील के लिए अदालत से तीन महीने का समय मांगा है। जांच एजेंसी ने पूर्व दूरसंचार मंत्री दयानिधि मारन और कुछ अन्य के खिलाफ 29 अगस्त, 2014 को अपना पहला आरोपपत्र दायर किया था, लेकिन उन्हें 2 फरवरी, 2017 को एक विशेष अदालत ने आरोपमुक्त कर दिया था। सीबीआई ने इस आरोपमुक्ति को एक पुनरीक्षण याचिका के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कबूतरों को मेल वाहक के रूप में उपयोग किया जाता था। उन्होंने दुश्मन की गोलीबारी पर जानकारी देकर कई जानें बचाई।
- कबूतरों को टेनिस कोर्ट से दूर दूर रखने के लिए विंबलडन शिकार के पक्षी, रूफस द हॉक को नियुक्त करता है।
- 6 जून, 1944 को भेजे गए एक एन्क्रिप्टेड नोट को साल 2012 में एक कबूतर कंकाल से निकाला गया था। इस संदेश को अब तक पढ़ा नहीं जा सका है।
- शोधकर्ताओं ने पिकासो और मोनेट द्वारा चित्रों के बीच भेद करने के लिए कबूतरों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने अपने काम के लिए मनोविज्ञान में विनोदपूर्ण आईजी नोबेल पुरस्कार जीता।
- भारत में एक कबूतर को गिरफ्तार किया गया था और पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पुलिस गार्ड के अधीन रखा गया था।
- स्पाइन्राजा, रीढ़ की हड्डी के मांसपेशी एट्रोफी के लिए एक दवा, की कीमत $ 750,000 है।
- अमेज़ॅन का सबसे बड़ा गोदाम 17 अमेरिकी फुटबॉल क्षेत्रों के आकार जितना बड़ा है।

## राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी की तलाश पूरी हो सकती है। जो पार्टनर को पूरा प्यार देते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह पर जा सकते हैं।

**वृष :** प्रेम संबंधों को लेकर चिंतित रहेंगे और रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी से सोशल मीडिया के जरिए बात करेंगे। जीवनसाथी आपके लिए शुभ साबित होगा।

**मिथुन :** बैचलर ऑफ पार्टनर की तलाश पूरी होगी। लव पार्टनर का गुस्सा बर्दाश्त किया जा सकता है। प्रेमी को दिया गया उपहार वापस मिलेगा।

**कर्क :** अगर आप अपने प्रेमी से शादी करना चाहते हैं, तो शुभ समय आ गया है। आपका प्रेमी आपकी बात पर आसानी से राजी हो जाएगा। प्रेम की मुश्किलें कम होंगी।

**सिंह :** लव लाइफ में काफी बिजी रहने वाले हैं। नया रिश्ता बहुत जल्द शादीशुदा जिंदगी में बदलने वाला है। प्रेमिका के सामने प्यार का इजहार करने में झिझक होगी।

**कन्या :** आज वैवाहिक जीवन में आप सकारात्मक महसूस करेंगे। प्रेमी से दूरियां भी बढ़ सकती हैं। जीवन साथी की समृद्धि और रोजगार जीवन में खुशियां ला सकता है।

**तुला :** लव लाइफ के लिए दिन खास रहने वाला है। पार्टनर के साथ रोमांटिक जगह पर जाना संभव है। वैवाहिक जीवन में आपको अपने साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज के दिन प्रेम संबंधों में विश्वास की कमी हो सकती है। किसी पुराने मित्र को आपकी अनैतिक प्रेम कहानी के बारे में पता चल सकता है।

**धनु :** पार्टनर कहीं जाने की जिद कर सकता है। रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए हैप्पी स्पेशल होते हैं। अविवाहित लोग शादी के प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं।

**मकर :** समझदारी के कारण प्रेमी और उसके परिवार पर आज प्रभाव पड़ेगा। किसी भी तरह के झगड़े से बचें। आपकी आदतें और चंचलता आपके साथी को पसंद आएगी।

**कुंभ :** प्रेम जीवन में आ रही बाधाएं दूर होंगी। लव पार्टनर से संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन में आपका पार्टनर आपका पूरा ख्याल रखने वाला है।

**मीन :** प्रेम संबंधों में कड़वाहट और दूरियां कम होंगी। किसी के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। शादीशुदा जोड़े के लिए शाम रोमांटिक और शानदार रहेगी।

## चुटकुले

भिखारी- क्या बात है साहब, पहले आप सौ रुपये देते थे, बाद में पचास, फिर पच्चीस, अब दस देते हैं?
संता- पहले मैं कुंवारा था, तो मैं सौ देता था! फिर मेरी शादी हो गयी, तो पचास; एक बच्चा हो गया तो पच्चीस, अब दो बच्चे हैं तो दस देता हूं..
भिखारी- वाह साहब, आपके पूरे परिवार का खर्चा तो मेरे पैसों से चल रहा है!

---

गर्मी में एक औरत अकेले कब्रिस्तान मे एक कब्र पर बैठी थी..
एक राहगीर ने पूछा- डर नहीं लगता?
औरत- क्यों? इसमें डरने की क्या बात है.. अंदर गर्मी लग रही थी तो बाहर आ गई। राहगीर कौमा में है।

---

पत्नी : सुनो जी, मैं बूढ़ी तो नहीं लग रही?
पति : बिल्कुल नहीं,
पत्नी : सच?
पति : हाँ, तुम तो इतिहास की किताब जैसी लग रही हो!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 22 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



सना सईद
अभिनेत्री



नित्या प्रजापति, संजू शर्मा, अनमोल खन्ना, नरेश कश्यप

आदर्श शर्मा, सादमान कुरैशी, युगांक यादव, गोविंद अग्रवाल, मुकेश भटनागर

अंकुश गर्ग, अतुल गहलौत, बिट्टू चौधरी, गौरव मलिक, वैभव जैन

विशाल, दीपक गर्ग, हर्ष तोमर, मुकेश कुमार, राजू पंडित

सौरभ शर्मा, दीपक कुमार, गौरव शर्मा, विकास हिंदु, एड. अंकित कुमार

आदेश त्यागी, अनील, आरिश कुरेशी, हनी जैन, राम प्रकाश

मनीष भटनागर, संदीप कुमार जैन, सिद्धार्थ शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# स्कूटी पर सवार होकर निकली खाकी महिला ब्रिगेड



## शक्ति पर्व से पहले दिया संदेश, महिलाएं केवल सुरक्षा की प्राप्तकर्ता नहीं बल्कि सुरक्षा की प्रहरी भी हैं

**मिशन शक्ति**

**“ मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत आयोजित किया गया स्कूटी-बाइक रैली कार्यक्रम**

## पुलिस लाइन से कमिश्नर जे रविंदर गौड ने रैली में शामिल 197 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ हो चुका है। रविवार को पुलिस लाइन से एक रैली निकाली गई, जिसको पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी क्राइम एवं मुख्यालय केशव चौधरी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन-लाइन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य कमिश्नरेट के अधिकारी शामिल हुए।

महिला पुलिसकर्मियों की यह बाइक रैली शहर में निकली, जिससे संदेश देने का काम किया गया है कि महिलाएं केवल सुरक्षा की प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सुरक्षा की प्रहरी भी है। महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति के पांचवें चरण का संदेश देने के लिए 197 वाहनों पर महिला पुलिसकर्मी सवार होकर निकली तो। इसमें एसीपी और आईपीएस अधिकारी भी नजर आई है।

इस दौरान 189 दो पहिया और आठ चार पहिया वाहनों में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।







महिला पुलिसकर्मियों की यह बाइक रैली शहर में निकली, जिससे संदेश देने का काम किया गया है कि महिलाएं केवल सुरक्षा की प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सुरक्षा की प्रहरी भी है।



### जगह-जगह हुआ महिला ब्रिगेड का स्वागत

करंट क्राइम : पुलिस महिला ब्रिगेड की इस रैली का शुभारंभ जहां पुलिस कमिश्नर ने किया। तो रैली में समस्त महिला एसीपी भी शामिल हुईं। साथ ही महिला थाना प्रभारी और महिला एसओ क्रॉसिंग रिपब्लिक भी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इस दौरान एसीपी मसूरी लिपि लगायच, एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल, एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव सहित महिला थाना प्रभारी रितु त्यागी व पिंक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मी और महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी पर सवार होकर रैली में भाग लिया। रैली जहां भी निकलती वहां महिला एवं स्थानीय लोगों द्वारा उनपर पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया गया। साथ ही महिलाओं ने संदेश देने का काम किया गया है कि वह शहर और गाजियाबाद के लोगों की सुरक्षा के लिए खुद भी कमान संभाल कर आगे आ रही हैं।



### प्रत्येक महिला की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही है गाजियाबाद पुलिस : एडिशनल सीपी







करंट क्राइम : एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने बताया है कि मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत बाइक रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साह पूर्व भाग लिया। जो शहर के प्रमुख इलाकों से निकाली गई। इस दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान, ऊर्जा का संदेश दिया गया। वही रैली में हेल्पलाइन नंबर, महिला सुरक्षा कानून और सरकारी योजनाओं के पत्र भी वितरित किए गए हैं। इस दौरान एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने कहा है कि महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना, महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना उद्देश्य है। वहीं पुलिस विभाग में कार्यरत महिला अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत उसे हर हाल में पालन करवाना है। बाइक रैली शहर की सड़कों पर संदेश देने के लिए निकाली गई थी कि महिलाएं अब केवल सुरक्षा की अपेक्षा नहीं करती बल्कि सुरक्षा की गारंटी भी देती हैं। हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना, महिला बीट अधिकारी की तैनाती और हेल्पलाइन नंबर का मकसद महिला सशक्तिकरण को जन-जन तक पहुंचाना भी है।

---

## सूर्यबली मौर्य: बनाए गए एसीपी कविनगर

**फेरबदल**

**“ क्राइम से लेकर कई सर्किल में संभाल चुके हैं कमान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शनिवार की मुठभेड़ के बाद सिटी जोन में एसीपी स्तर पर बड़ा परिवर्तन किया गया है। सिटी जोन में दो एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश के बाद यह नई सूची जारी की गई है।





आदेश के अनुसार सूर्यबली मौर्य को सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी कविनगर बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें भवन एवं आधारभूत संरचना का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं भास्कर वर्मा को एसीपी अपराध एवं एसीपी यातायात द्वितीय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह फेरबदल किया गया है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नए दायित्व सौंपे गए हैं। सीपी ने अधिकारियों से अपेक्षा कि है वे संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए त्योहारों के दौरान आम जनता को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराएंगे।

## मिथुन मनहास ने भरा बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) के नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली टीम के पूर्व कप्तान मिथुन मनहास ने रविवार को मुंबई स्थित बोर्ड मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख रविवार दोपहर थी।

### लंबा घरेलू करियर

45 वर्षीय मनहास भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने 1997-98 से लेकर 2016-17 तक के लंबे करियर में 157 फर्स्ट क्लास, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मुकाबले खेले हैं। उनके नाम 9714 फर्स्ट क्लास रन दर्ज हैं। क्ढछ में उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया। उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया से कहा, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई बॉडी बनाई जा रही है। मिथुन मनहास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया है। अरुण धूमल आईसीसी गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन हैं और वे उसी पद पर बने रहेंगे।'



एजीएम में सिर्फ अध्यक्ष ही नहीं बल्कि बोर्ड के कई अहम पदों पर भी चुनाव होंगे। सचिव देवजीत सैकिया, क्ढछ गवर्निंग काउंसिल चेयरमैन अरुण धूमल और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट्ट ने भी अपने नामांकन दाखिल किए हैं। भट्ट बोर्ड के नए कोषाध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल हैं।

### सचिव सैकिया ने क्या कहा?

सैकिया ने इस मौके पर कहा, 'अभी तक मैंने सचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। सभी पदों के लिए लोग नामांकन दाखिल कर रहे हैं। प्रक्रिया जारी है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आज शाम चार बजे तक है। अब तक सात-आठ लोग नामांकन दाखिल कर चुके हैं। मैंने अपना नामांकन दाखिल किया है क्योंकि मैं पिछले नौ-10 महीनों से सचिव था।

---

## इंदिरापुरम पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर बदमाश दबोचे

### दो लग्जरी कारें और अवैध हथियार बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन इलाके में इंदिरापुरम पुलिस ने एक ही दिन दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई कर अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया। स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन और थाना इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरोह के दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और चोरी की हुई दो कारें (फॉर्च्यूनर और स्विफ्ट) बरामद की हैं।

जुलाई माह में थाना इंदिरापुरम क्षेत्र निवासी मुकेश ने वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित रासा होटल के पास से अपनी फॉर्च्यूनर कार चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह सक्रिय है और चोरी की हुई कारें किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाई जा रही हैं। पुलिस ने स्वाट टीम और इंदिरापुरम थाना की संयुक्त घेराबंदी कर दो अलग-अलग जगहों पर एक साथ दबिश दी। मुठभेड़ के दौरान आरोपी राशिद खां घायल हो गया और दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।





एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि अल्वी निवासी मोहल्ला मोमीन नगर थाना लिसाड़ी गेट मेरठ और राशिद खां उर्फ काला निवासी समर गार्डन, 60 फुटा रोड लिसाड़ी गेट मेरठ को दबोचा गया है। इनसे पुलिस ने 01 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, 02 चोरी की कारें (फॉर्च्यूनर और स्विफ्ट बरामद की हैं। पुलिस ने बताया है कि आरोपी अल्वी पर गाजियाबाद, मेरठ और दिल्ली में चोरी व लूट से जुड़े 8 मामले दर्ज हैं। तो

राशिद खां उर्फ काला पर गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली में वाहन चोरी, लूट, पुलिस मुठभेड़, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर से जुड़े कुल 19 मामले दर्ज हैं।

## एक बार फिर फाइनल में सात्विक-चिराग का टूटा दिल, चाइना मास्टर्स के खिताबी मैच में मिली हार



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का दिल एक बार फिर टूट गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी को चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में विश्व की नंबर एक जोड़ी कोरिया के किम योन हो और सियो सिओंग जाए के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एशिया खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को उम्मीद थी कि वे खिताबी सूखे को समाप्त कर लेंगे, लेकिन उन्हें 45 मिनट में 19-21, 15-21 से हार मिली।

### बढ़त बनाने के बावजूद मिली हार

सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन लगातार दूसरे फाइनल में पहुंची, लेकिन एक सप्ताह के भीतर उसे दूसरी बार हार मिली। सात्विक-चिराग ने पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बना ली थी, लेकिन वह इस लय को कायम नहीं रख सके।

### भारतीय जोड़ी को गलतियों को खामियाजा उठाना पड़ा

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं जिससे कोरियाई टीम ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 3-2 की बढ़त बनाई और फिर स्कोर 8-6 कर दिया। कोरियाई जोड़ी ने 9-9 पर बराबरी हासिल की और ब्रेक तक एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। चिराग के दो बार शॉट बाहर मारने से कोरियाई जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट हासिल किए जिसके बाद सात्विक ने बाहर शॉट मारकर खिताब कोरियाई टीम की झोली में डाल दिया।

विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा।

किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

---

## वैश्य समाज ट्रांस हिंडन ने मनाई अग्रसेन जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैश्य समाज ट्रांस हिंडन द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दसवीं एवं बारहवीं के बच्चों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर और नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीति गोयल, पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल रहे। संस्था की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, सचिव पीयूष गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जी ने उनका प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल, सीमांत गुप्ता, विजय बंसल, विनोद गुप्ता, शैलजा अग्रवाल, रेशु अग्रवाल, सुनील गुप्ता, नवीन संजीव, डॉ. आलोक, आशु रामेश्वर आदि लोग मौजूद रहे। वही बच्चों के लिए प्रशस्ति पत्र संस्था के सदस्य धीरज अग्रवाल ने बनाए एवं बच्चों को ट्रॉफी राखी अग्रवाल ने दी।

## सपनावत में नवरात्रि मेले की धूम मां वैष्णो धाम सजा भक्तिरस से





**हापुड़, करंट क्राइम।** नवरात्रि पर्व के शुभारंभ के साथ ही हापुड़ जिले के सपनावत स्थित माँ वैष्णो धाम मंदिर में आस्था और भक्ति का वातावरण बन गया है। मंदिर में रोजाना हजारों श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया है। प्रांगण में भव्य सजावट भक्तों को अलौकिक अनुभव करा रही है। नवरात्रि मेले के अवसर पर ग्रामीण हाट की बड़ी संख्या में दुकानें सज गई हैं। दूर-दराज से आए व्यापारी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं और श्रद्धालु परिवार उत्साहपूर्वक खरीदारी कर रहे हैं।

### विशेष आस्था का केंद्र - कटरा से लाई गई ज्योति

- माँ वैष्णो धाम मंदिर की स्थापना के समय पावन ज्योति सीधे जम्मू-कश्मीर स्थित कटरा वैष्णो देवी धाम से लाकर प्रज्वलित की गई थी।
- आज भी मंदिर में वही ज्योति अखंड रूप से जल रही है।
- श्रद्धालु इस ज्योति को विशेष पूजनीय मानते हैं और अपने घरों में ले जाकर आस्था का दीप प्रज्वलित करते हैं।

## पुरानी रणनीति पर वापस लौटा भारत, तीन स्पिनर और एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को दिया मौका, किए दो बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ पुरानी रणनीति पर वापस लौटने का फैसला किया और प्लेइंग-11 में तीन स्पिनर और एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को मौका दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में सुपर चार चरण का मुकाबला खेला जा रहा है और भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया है। भारत ने इसके लिए प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं और अर्शदीप सिंह तथा हर्षित राणा की जगह जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया है।

### हैंडशेक विवाद के बाद फिर दिख सकती है तल्खी

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में एकतरफा अंदाज में इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को पटखनी दी थी और वे अब सुपर चार चरण में भी इस लय को बरकरार रखने उतरी है। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मैच और भी दिलचस्प होगा क्योंकि पिछले मैच में हुए हैंडशेक विवाद के बाद दोनों टीमों के बीच तल्खी बढ़ना तय माना जा रहा है।



### अर्शदीप-हर्षित को बाहर रखा

भारत ने ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन किया और अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रही। भारत ने ओमान के खिलाफ अपने पिछले मैच के लिए प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए थे और जसप्रीत बुमराह तथा वरुण चक्रवर्ती को आराम देकर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को मौका दिया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ यह तय माना जा रहा था कि भारत अपनी पिछली रणनीति ही अपनाएगा। भारत ने पहले दो मैचों में तीन स्पिनर और बुमराह के रूप में एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के साथ खेलने उतरने का फैसला किया था और यह रणनीति सफल रही थी। भारत ने एक बार फिर इसी रणनीति पर अमल किया है।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार है...

भारतः अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

पाकिस्तानः सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, फखर जमां, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद।

# एक ही स्थान पर सभी अस्पतालों को बुलाकर स्वास्थ्य शिविर लगाना सराहनीय कदम : सांसद अतुल गर्ग








**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान में एवं महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में वार्ड 78, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-वन में निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग का स्वागत संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने किया। सांसद ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी अस्पतालों को बुलाकर चिकित्सा शिविर लगाना सराहनीय कदम है। उन्होंने सभी सहभागी अस्पतालों को उनके सेवा भाव के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

शिविर में 11 अस्पतालों के चिकित्सकों और उनकी टीमों ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और जाँच सेवाएँ प्रदान कीं। आँख, कान, दाँत, हड्डी रोग, फिजियोथैरेपी, खून की जाँच, ईसीजी, ब्लड टेस्ट सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ निवासियों को दवाइयाँ, कान की मशीन और चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए।

शिविर में वर्धमान हॉस्पिटल से डॉ. मयंक जैन, नंदलाल हॉस्पिटल से डॉ. स्वामी नंदलाल, श्रेया हॉस्पिटल, वी केयर हॉस्पिटल, ओजस हॉस्पिटल, डॉ. सिंघला, एचओडी लैब, सरकारी डिस्पेंसरी, मैक्स लैब, डॉ. वंदना (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ. सिंगला (दंत परामर्श), डॉ. खान, 32 फिटनेस फॉक्स और आल्प्स हीयरिंग एड की टीमों ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर के साथ-साथ आयोजित रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, सुमन सती, श्याम शर्मा, संदीप पाल, ऋषभ शर्मा, भूषण लाल, शैलेंद्र सक्सेना, अनिल फोतेदार, केशव सक्सेना, प्रेम त्यागी, राजेंद्र, सुभाष राज, जैन मुनीश कसाना, निशा चौहान, अनीता राणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# पार्षद कविता भाटी ने साहिबाबाद थाने में नारी शक्ति मिशन केंद्र का शुभारंभ किया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद थाना परिसर में नारी शक्ति मिशन केन्द्र का पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही एसीपी श्वेता यादव थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मौजूद रहीं। इस शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित 'मिशन शक्ति 5.0' के शुभारंभ समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और मजबूत बनाने के लिए नई पहल की घोषणा की। इस मौके पर थाना साहिबाबाद की अन्य महिला पुलिसकर्मियां व शोभा गुप्ता तनेजा मेडम काफी संख्या मे महिला शक्ति भी उपस्थित थीं, जिन्होंने महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नारी शक्ति मिशन केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता के लिए कार्य करेगा। साथ ही यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनके सम्मान को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम है।

# गाजियाबाद में 'एक आशा, एक विश्वास' शिविर का हुआ आयोजन

## दिव्यांग बच्चों के जीवन में होम्योपैथी की नई किरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर स्थित चौधरी भवन में रविवार को 'एक आशा, एक विश्वास' नामक एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले आठ सालों से दिव्यांग बच्चों को बेहतर जीवन देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यह इस शृंखला का 38वां शिविर था, जो हर तीन महीने में एक बार आयोजित किया जाता है।



इस शिविर का मुख्य लक्ष्य जन्म से शारीरिक और मानसिक रूप से अविकसित बच्चों को होम्योपैथिक उपचार प्रदान करना है। अब तक उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और अन्य राज्यों के कई दिव्यांग बच्चे इस शिविर से लाभ उठा चुके हैं। इन बच्चों के माता-पिता का मानना है कि यह शिविर उनके बच्चों के लिए किसी 'आशा की किरण' से कम नहीं है।

सुबह दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ शुरू हुए इस शिविर में कई वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं। इनमें डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. शरद कु. टॉक, डॉ. रैना सचान, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. सिद्धांत शर्मा, डॉ. दीपांकर, डॉ. रितु सचदेवा, डॉ. अरुण अरोरा और डॉ. हिमानी गुप्ता शामिल थे। इस शिविर में कुल 55 नए और 110 पुराने, यानी कुल 165 दिव्यांग रोगियों का उपचार किया गया। ट्रस्ट के अनुसार, अगला शिविर 21 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा।

# गाजियाबाद में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने 'श्रवण कुमार' सम्मान समारोह का किया आयोजन

## मातृ-पितृ उत्कृष्ट सेवा करने वालों को किया गया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने आज गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में अपना स्थापना दिवस समारोह मनाया, जिसमें मातृ-पितृ सेवा करने वाले 108 महानुभावों को 'श्रवण कुमार' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ. महेश शर्मा, ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने ज्योति प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उनका मन बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा ने ब्राह्मण वर्ण के वैदिक काल से लेकर आधुनिक भारत तक के इतिहास पर बात की। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों को पारंपरिक रूप से समाज का सर्वोच्च वर्ग माना जाता था, जिनका मुख्य कार्य ज्ञान अर्जित करना और धार्मिक अनुष्ठान कराना था। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने ब्राह्मण की सबसे बड़ी शक्ति उसके ज्ञान और विद्वत्ता को बताया, जो उसे समाज में सम्मान दिलाती है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ब्राह्मणों के स्वाभाविक गुणों जैसे शांति, आत्म-संयम, पवित्रता और ईमानदारी पर जोर दिया। इस अवसर पर देवी मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरी, शैलेंद्र गिरी, वरिष्ठ समाजसेवी वी.के. अग्रवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, बीजेपी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र शर्मा और कार्यक्रम संयोजक नानक चंद शर्मा उर्फ शालू ने किया। इस दौरान रविंद्र शर्मा, बृज किशोर बृजवासी, लोकेश कौशिक, विनीत शर्मा, राकेश शास्त्री, आर.सी. शर्मा, मधु शर्मा, प्रीति राय, और प्रमोद कुमार शर्मा सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।



# पार्षद यशपाल पहलवान ने वार्ड 20 भोपुरा में डलवाई 500 मीटर पानी की लाइन





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद यशपाल पहलवान ने वार्ड 20 भोपुरा में 500 मीटर पानी की लाइन डलवाकर क्षेत्र की पानी की समस्या का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इससे क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद है। पार्षद यशपाल पहलवान के प्रयासों से वार्ड 20 में पानी की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके जीवन में सुधार होगा। पार्षद यशपाल पहलवान की प्राथमिकता है कि क्षेत्र के निवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मिलें। पानी की समस्या का समाधान करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इससे क्षेत्र के निवासियों के जीवन में सुधार होगा और उन्हें अपने दैनिक कार्यों में आसानी होगी। उन के प्रयासों से वार्ड 20 में पानी की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिलेगा और उनके जीवन में सुधार होगा।

# श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा में भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ रामलीला मंचन का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा में स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी (रजि) ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला मंचन के लिए कमेटी के सदस्यों ने भूमि पूजन किया। यह आयोजन 22 सितंबर से लेकर विजय दशमी (दशहरा) तक चलेगा। कमेटी के अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना व विनोद कसाना ने बताया कि रामलीला मैदान लाल गेट भोपुरा में रामलीला मंचन का आयोजन होगा। रामलीला में बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं और खाने-पीने की दुकानें लगाई गई हैं जिससे परिवारों को लीला मंचन के साथ मेले में भी मनोरंजन की सुविधा मिलेगी- विजय दशमी महोत्सव पर पुतला दहन किया जाएगा- रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ओमेंद्र कसाना, डब्बी पहलवान, चंद्र प्रकाश चौहान, बृहमपाल चंदेला, अशोक दरोगा, विनोद कसाना, देवीराम कसाना, गणेश शर्मा, पंडित बालकृष्ण शर्मा, संजय शेखावत, जितेंद्र, आशु भाटी, गब्बर सिंह आदि उपस्थित रहे। रामलीला एक पारंपरिक भारतीय त्योहार है जो भगवान राम की कहानी को दर्शाता है। यह त्योहार पूरे भारत में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है और इसका महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। रामलीला के माध्यम से भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों को लोगों के सामने प्रस्तुत किया जाता है।

# लिंक रोड थाने में नारी शक्ति मिशन केंद्र का शुभारंभ भाजपा नेत्री रीता सिंह ने किया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लिंक रोड थाने में नारी शक्ति मिशन केंद्र का शुभारंभ भाजपा नेत्री रीता सिंह ने किया। यह केंद्र महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, स्वरोजगार के अवसर, स्वास्थ्य जागरूकता, और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना है। इस मौके पर एएसपी स्वेता यादव ने कहा कि केंद्र के माध्यम से महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, और संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। महिला सुरक्षा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। लिंक रोड थाने में नारी शक्ति मिशन केंद्र का शुभारंभ शनिवार को किया गया। मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया गया था, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर थाना प्रभारी, पार्षदों में श्रीभगवान अग्रवाल, विनय चौधरी, शशि खेमका, मनोज डागर सोनू चौधरी अनुपमा गर्ग चेतना अग्रवाल कवलजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम में शराब के ठेके के खिलाफ महिलाओं का धरना प्रदर्शन



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के न्याय खंड 1 में अवैध जगह पर खुले शराब के ठेके को बंद करने के लिए पिछले 25 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा था। 20 सितंबर शाम को आबकारी विभाग द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर बताया गया कि इस शराब की दुकान को बंद करने की लिखित प्रक्रिया जिला अधिकारी को भेज दी गई है। आबकारी विभाग ने आश्वासन दिया है कि 4-5 दिनों के भीतर यह दुकान यहां से हटा ली जाएगी या बंद कर दी जाएगी। आबकारी विभाग के आश्वासन पर मातृशक्ति ने इस धरने को चार-पांच दिन के लिए स्थगित रखने का फैसला किया है। पूर्व पार्षद मीना भंडारी ने कहा कि 4-5 दिनों में दुकान बंद नहीं हुई तो उग्र प्रदर्शन होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन, आबकारी विभाग और शराब माफिया दिलीप जायसवाल उर्फ देवेंद्र अग्रवाल उर्फ डीके और कल्पना अग्रवाल की होगी।

# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला महोत्सव का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)** वसुंधरा प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव थाना प्रभारी रवींद्र गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं गाजियाबाद लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी डॉली शर्मा तथा समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामलीला महोत्सव की विशेषताएं, रामलीला महोत्सव प्रतिदिन शाम 7:30 बजे मंचित होगा और 3 अक्टूबर तक चलेगा। 21 सितंबर को रावण जन्म और रावण अत्याचार का मनोहारी मंचन किया गया, वहीं 22 सितंबर (सोमवार) को राम जन्म, मुनि आगमन और अहिल्या उद्धार का मंचन होगा। इस अवसर पर महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, बीना सेंगर मनोज भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, महिपाल कौशिक मीडिया प्रभारी अमित किशोर, मोहन सिंह राणा नितिन यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। रामलीला महोत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है जो भगवान राम की कहानी को दर्शाता है। यह आयोजन लोगों को एकजुट करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।




# मेलों का भी दौरा करें वरिष्ठ अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रामलीओं का मंचन शुरू हो गया है। प्रमुख रामलीलाओं और मेलों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। पर सवाल हो रहा है कि इस बार मेले की तैयारियों के बीच किसी भी साहब की तस्वीरें नहीं आई हैं। तो अभी किसी भी वरिष्ठ अधिकारी की मेले में निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा और लापरवाहियों को लेकर दिशा निर्देश देने वाली तस्वीरें और वीडियो बाइट नहीं आई है। शहर के सबसे पॉश और सबसे हाईटेक कहीं जाने वाली रामलीला में तो शनिवार की रात को इलाके वाले साहब भी नजर नहीं आए। हालांकि उनको अब साइड लाइन कर दिया गया है। इसके पीछे की वजह क्या है या मैटर वहीं पुराने वाला है, इसकी चर्चा जोरों पर है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सूत्रों से जानकारी मिली है कि किसी भी रामलीला में रविवार तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की तैनाती नहीं हुई थी।



हालांकि पुतला दहन कार्यक्रम में अभी समय है। तो लंका भी बाद में ही दहन होती है, पर सवाल उठ रहा है कि अभी तक तमाम व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है। पॉश वाले इलाके की रामलीला के तो मार्ग पर जगह-जगह जाम, अव्यवस्था नजर आने लगी है। तो पार्किंग को लेकर भी इस बार आलम बेहाल लग रहा है। वहीं मेले को लेकर थ्री-स्टार भी एक्टिव मोड पर नहीं हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां कमिश्नर खुद पॉश इलाकों में निरीक्षण पर पहुंचते हैं। तो उनके नीचे के अधिकारी भी लगातार एक्टिव मोड पर बने हुए रहते हैं। तो सिटी वाले साहब को भी यहां का जायजा लेने पहुंचना चाहिए था। अभी इलाके में नए एसीपी आए हैं। हालांकि वह पूर्व में यहां का हाल और चाल जान चुके हैं। अब देखना होगा कि उनके यहां सिटी जोन की परी कैसी रहती है। वैसे वह देहात और नदिया पार में भी अपना रंग दिखा और जमा चुके थे, पर जब वह साइड लाइन किए गए थे ,तो मामला थोड़ा बिगड़ा हुआ बताया जा रहा था। पर नए वाले साहब ने फिर उनपर भरोसा जताया है और खास के साथ बेहद महत्वपूर्ण इलाके की उनको बागडोर दी गई है, इसके पीछे भी कुछ राज सुनने में आ रहा है। अब ऐसे में सवाल उठ रहा है कि मेलों का वरिष्ठ अधिकारियों को भी दौरा करना चाहिए ताकि यहां की अव्यवस्थाओं और स्थितियों को और बेहतर बनाया जा सके। वैसे भी महाराज जी ने भी निर्देश दिया था कि मेलों और आयोजनों को देखकर सुरक्षा से लेकर तमाम तरीके के अभूतपूर्व इंतजाम होने चाहिए।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में मेगा हेल्थ अवेयरनेस कैंप आयोजित

## विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया गया जागरूक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर के जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में, आर.एच.ए.एम फाउंडेशन, रोटरी क्लब और यशोदा हॉस्पिटल ने मिलकर एक बड़ा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर (हेल्थ अवेयरनेस कैंप) लगाया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें बीमारियों से बचाव के तरीके सिखाना और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

**प्रमुख गतिविधियाँ और सीख दंत चिकित्सकों की टीमः** बच्चों को सही तरह से ब्रश करने का तरीका सिखाया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि दिन में दो बार ब्रश करना, कम मीठा खाना और फल-सब्जियां खाना क्यों जरूरी है। डॉक्टरों ने जोर देकर कहा कि बचपन में दांतों का ध्यान रखने से भविष्य में कई बड़ी बीमारियां रोकी जा सकती हैं। नेत्र चिकित्सकों की टीमः डॉक्टरों ने छात्रों की आँखों की जाँच की और उन्हें मोबाइल व टीवी स्क्रीन के ज्यादा इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने यह भी सलाह दी कि पढ़ते समय सही रोशनी और उचित दूरी बनाए रखें। परामर्श चिकित्सकों की टीमः शिविर में ब्लड प्रेशर और शुगर को नियंत्रित रखने के तरीकों पर चर्चा हुई। डॉक्टरों ने नियमित व्यायाम, योग, संतुलित आहार और मानसिक शांति को स्वस्थ जीवनशैली का अहम हिस्सा बताया। छात्रों को समय पर सोने, नाश्ता करने और तनाव को नियंत्रित रखने जैसी छोटी-छोटी आदतों का महत्व समझाया गया। यह शिविर रोटेरियन वरुण गौड़ और स्कूल की प्रधानाचार्या रोटेरियन अंजू गौड़ के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. करुण गौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से बच्चों में शुरूआती दौर में ही अच्छी आदतें विकसित होती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्कूल भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, जो बच्चों के समग्र विकास में मदद करेंगे।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Ved Prakash Garg is with Himanshu Prakash Garg and Ujjwal Prakash Garg.
1h ·

असली समाजवाद के जन्मदाता महाराजा अग्रसेन जी ने अग्रोहा नामक राज्य की स्थापना की और इन्होने बाहर से आए परिवारों को 'एक ईट और एक रुपया' के सिद्धांत की घोषणा करते हुए प्रत्येक परिवार से उन परिवारों को सहायता प्रदान करवायी ऐसे युगप्रवर्तक वैश्यशिरोमणी महाराजा अग्रसेन की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने महाराजा अग्रसेन की जयंती पर उन्हें नमन किया। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचारों को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजा सिटी में इस्राइली सेना का हमला जारी
## ताजा सैन्य अभियान में मारे गए 60 फलस्तीनी

**यरुशलम ।** गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इस्राइल का सैन्य अभियान शनिवार को भी जारी रहा। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए। इस्राइली सेना जमीन के नीचे बने सुरंगों और बम से जाल बिछाए गए ढांचों को नष्ट कर रही है।



**गाजा सिटी और पूरे गाजा पट्टी में इस्राइल का सैन्य अभियान शनिवार को भी जारी रहा। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ताजा हमलों में कम से कम 60 फलस्तीनी मारे गए**

फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मिलेगी मान्यता इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन और कनाडा समेत 10 देश सोमवार को औपचारिक रूप से फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाले हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से पहले होगी।

गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को बनाया जा रहा निशाना इस्राइल ने इस हफ्ते गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया है। सेना का दावा है कि सितंबर की शुरूआत से अब तक 20 ऊंची इमारतें ध्वस्त की गईं और 5 लाख से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़ चुके हैं।

दो साल से जारी युद्ध में 65000 फलस्तीनी के मारे गए वहीं, हमास का कहना है कि करीब 3 लाख लोग ही शहर से गए हैं और 9 लाख लोग अब भी मौजूद हैं, जिनमें इस्राइली बंधक भी शामिल हैं। हमास का आरोप है कि 11 अगस्त से अब तक 1,800 से ज्यादा आवासीय इमारतें और 13,000 से अधिक शरणार्थी टेंट नष्ट किए गए हैं। लगभग दो साल से चल रहे युद्ध में अब तक 65,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

गाजा में भुखमरी के लिए हमास जिम्मेदार- इस्राइल इस्राइल का कहना है कि गाजा में भुखमरी की स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है और इसके लिए हमास जिम्मेदार है। वहीं, हमास का आरोप है कि इस्राइली हमलों की आड़ में गिरोह राहत सामग्री लूट रहे हैं। यह संघर्ष 7 अक्तूबर 2023 को तब शुरू हुआ था जब हमास ने इस्राइल पर हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। वर्तमान में 48 बंधक गाजा में हैं, जिनमें लगभग 20 के जीवित होने की संभावना है।

## फ्रांस : कई महापौर कर रहे फलस्तीन झंडा फहराने की तैयारी
## सरकार के आदेश की अनदेखी, अदालत जाएगा मामला

**पेरिस ।** फ्रांस के कई महापौरों ने देश की सरकार के निदेशों को नजरअंदाज करते हुए अपने टाउन हॉल पर फलस्तीन के झंडे फहराने की योजना बनाई है। यह कदम संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ्रांस द्वारा औपचारिक रूप से फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी के बीच उठाया गया है।



सोशलिस्ट नेता ओलिविएर फॉर के आह्वान के बाद कई शहरों के महापौर झंडा फहराने के पक्ष में हैं। हालांकि, आंतरिक मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यह कदम यूरोप के सबसे बड़े यहूदी और मुस्लिम आबादी वाले देश में तनाव बढ़ा सकता है। मंत्रालय ने टाउन हॉल और सार्वजनिक भवनों पर ऐसे झंडे फहराने से मना किया है और इसे प्रशासनिक अदालतों तक ले जाने की सलाह दी है।

झंडा फहराने का समर्थन पेरिस के उपनगर सेंट-डेनिस के महापौर माथ्यू हानोटिन ने कहा कि वे फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के तौर पर झंडा फहराएंगे। पश्चिमी फ्रांस के नांतेस के महापौर जोहाना रोलैंड ने भी इसी तरह की योजना की पुष्टि की। उनके अनुसार यह एक प्रतीकात्मक कदम है और इसे बिना हिचकिचाहट किया जाएगा।

आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलो ने स्पष्ट किया कि टाउन हॉल का मुख पटल केवल तिरंगे के लिए है और सार्वजनिक सेवा में तटस्थता का पालन अनिवार्य है। फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रवक्ता इयान ब्रोसाट ने कहा कि मंत्री फ्रांस की विदेश नीति के खिलाफ हैं, क्योंकि राष्ट्रपति फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में हैं।

संयुक्त झंडा और शांति का संदेश पेरिस के सेंट-ओउएन उपनगर के महापौर करीम बोआमराने ने शांति का संदेश देते हुए कहा कि वे इस्राइल और फलस्तीन दोनों के झंडे फहराएंगे। उनका उद्देश्य मुस्लिम और यहूदी समुदाय के बीच मतभेद नहीं बढ़ाना है और शांति का प्रतीक बनाना है।

प्रसिद्ध घटनाओं का संदर्भ इससे पहले जून में नाइस शहर के महापौर क्रिस्टियन एस्ट्रोसी को इस्राइल के झंडे हटाने के लिए अदालत द्वारा बाध्य किया गया था। फ्रांस में फलस्तीन के झंडे को लेकर यह कदम राजनीतिक और कूटनीतिक दोनों ही दृष्टिकोण से चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अमेरिका-चीन के बीच रिश्तों की नई उम्मीद
## सैन्य संवाद बढ़ाने बीजिंग पहुंचे अमेरिकी सांसद

**बीजिंग ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से चीन पर लगाए गए टैरिफ के चलते दोनों देशों के रिश्ते में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बिगड़ते रिश्ते को ठीक करने के लिए दोनों देशों ने एक सकारात्मक कदम उठाया है। इसके तहत रविवार को अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय (दोनों पार्टियों के) प्रतिनिधिमंडल ने चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर बातचीत बढ़ाने पर खास जोर दिया गया। यह दौरा खास इसलिए भी है क्योंकि यह हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (अमेरिकी संसद का निचला सदन) के किसी प्रतिनिधिमंडल की 2019 के बाद पहली चीन यात्रा है। इससे पहले 2023 में अमेरिकी सीनेटरों का एक दल चीन आया था।



चीनी पीएम ने जताई रिश्तों में सुधार की उम्मीद मुलाकात के दौरान चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने इस यात्रा को दोनों देशों के बीच रिश्ते में सुधार की दिशा में अहम बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच अधिक बातचीत और सहयोग होना न सिर्फ हमारे लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। बता दें कि प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद एडम स्मिथ ने किया, जो हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच संवाद को मजबूत करना है। व्यापार और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ हमारी फोकस सैन्य से सैन्य बातचीत पर भी है। स्मिथ ने कहा कि मैं इस बात को लेकर चिंतित हूं कि हमारी सेनाओं के बीच बातचीत नहीं होती। गुरुवार तक चीन में रहेगा अमेरिकीप्रतिनिधिमंडल प्रतिनिधिमंडल में रिपब्लिकन पार्टी के माइकल बॉमगार्टनर (हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी), और डेमोक्रेट्स रो खन्ना और क्रिस्सी हूलाहान (दोनों हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी से) शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल गुरुवार तक चीन में रहेगा।

# इस्राइल के खिलाफ नरसंहार मामले में दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्राजील, आईसीजे में दायर किया हस्तक्षेप पत्र

**द हेग ।** हेग में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए ब्राजील ने दक्षिण अफ्रीका की तरफ से दायर किए गए उस मामले में आधिकारिक रूप से शामिल होने की घोषणा की है, जिसमें इस्राइल पर गाजा पट्टी में नरसंहार का आरोप लगाया गया है। यह जानकारी अल जजीरा की रिपोर्ट के हवाले से सामने आई। आईसीजे ने शुक्रवार को पुष्टि की कि ब्राजील ने अनुच्छेद 63 के तहत एक हस्तक्षेप की घोषणा दाखिल किया है। यह प्रावधान किसी भी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश को यह अधिकार देता है कि यदि किसी संधि की व्याख्या पर सवाल उठ रहा हो और उस पर उसने हस्ताक्षर किए हों, तो वह मामले में हस्तक्षेप कर सकता है। जुलाई में दिए थे संकेत, कई देश दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्राजील ने जुलाई 2025 में ही यह संकेत दे दिया था कि वह इस मामले में शामिल हो सकता है। उस समय ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि गाजा और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इस्राइल की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के लिए चुनौती है और 'दण्डमुक्ति' की वजह से अंतरराष्ट्रीय कानून कमजोर हो रहा है। इस मामले में ब्राजील से पहले स्पेन, आयरलैंड, मेक्सिको, तुर्किये समेत कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका का साथ दिया है। दक्षिण अफ्रीका का दावा है कि अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में 65,000 से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।



आईसीजे का अंतरिम आदेश हालांकि इस मामले में अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं, लेकिन जनवरी 2024 में आईसीजे ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए इस्राइल को यह निर्देश दिया था कि वह गाजा में किसी भी प्रकार का नरसंहार न करे और मानवीय सहायता को बिना रुकावट पहुंचने दे। इसके अलावा, आईसीजे ने यह भी माना था कि फलस्तीनी इलाकों पर इस्राइल की मौजूदगी अवैध है और उसकी बस्तियों की नीति को अधिग्रहण की श्रेणी में रखा गया। इन आदेशों के बावजूद इस्राइल ने गाजा और वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर तबाही मचाना जारी रखा है। साथ ही वह फलस्तीनी जमीन पर अपने नियंत्रण को और मजबूत करने की योजनाओं पर तेजी से काम कर रहा है।

# नेपाल: एक दशक बाद नाजुक मोड़ पर देश का संविधान
## आंदोलनकारियों की मांगें पूरी करना अंतरिम सरकार के लिए चुनौती

**काठमांडो ।** नेपाल में पिछले सप्ताह केवल सरकार ही नहीं, देश का संविधान भी बदला। तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार के विरुद्ध जेन-जी के आंदोलन के दबाव में अंतरिम सरकार के गठन के लिए सांविधानिक प्रावधानों से अलग मार्ग अपनाना पड़ा। अंतरिम सरकार के सामने आंदोलनकारियों ने जो मांगें रखी हैं, उन्हें पूरा करना सरकार के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं है और इसके लिए उसे संविधान में संशोधन करना पड़ेगा। ऐसे में एक दशक पहले लागू हुआ संविधान एक नाजुक मोड़ पर आ गया है।



**नेपाल में पिछले सप्ताह केवल सरकार ही नहीं, देश का संविधान भी बदला। तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार के विरुद्ध जेन-जी के आंदोलन के दबाव में अंतरिम सरकार के गठन के लिए सांविधानिक प्रावधानों से अलग मार्ग अपनाना पड़ा**

हालांकि, ऐसा नहीं है कि अंतरिम सरकार के सामने संविधान में संशोधन का सवाल एकदम उठा हो। गत वर्ष जुलाई में जब नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी थी तो उनके बीच प्रमुख समझौतों में संविधान संशोधन भी शामिल था। लेकिन एक साल से अधिक समय तक सत्ता में रहने के बाद भी वे कुछ नहीं कर पाए। वर्तमान संविधान 16 सितंबर, 2015 को अपनाया गया था।

अराजकता से बचाने के लिए उठाया कदम ओली शासन के विरुद्ध युवाओं के विद्रोह से पैदा हालात में राष्ट्रपति पौडेल को देश को अराजकता से बचाने को संविधानेत्तर रास्ते के तहत पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को पीएम बनाना पड़ा है। पहला कार्की सांसद नहीं हैं और दूसरा वह पूर्व न्यायाधीश हैं। संविधान संशोधन नहीं थी मांग सोशल मीडिया पर प्रतिबंध से शुरू हुआ जेन-जी का विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुशासन और सत्ता में बैठे लोगों में जवाबदेही की कमी पर केंद्रित था। बाद में ओली सरकार को हटाना उनकी प्रमुख मांग बन गई। लेकिन संविधान में संशोधन उनकी कभी मांग नहीं रही।

## यूएस में भारतीय दूतावास ने जारी किया इमरजेंसी सहायता नंबर, वीजा शुल्क को लेकर समस्याओं का होगा निदान

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला किया। इसके तहत अब अमेरिका में कंपनियों को दूसरे देशों के उच्च कौशल क्षमता वाले लोगों को नौकरी देने के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के लिए फीस में बढ़ोतरी कर इसे एक लाख डॉलर सालाना करने का निर्णय ले लिया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद वहां काम करने वाले भारतीय पेशेवर संकट में है। इस बीच, भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए यूएस में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी और इमरजेंसी सहायता नंबर जारी किए हैं।




भारतीय दूतावास द्वारा जारी एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि अगर उन्हें तत्काल मदद की जरूरत हो तो वे +1-202-550-9931 नंबर पर संपर्क करें। यह नंबर व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध है। दूतावास साफ किया है कि यह नंबर केवल आपातकालीन मामलों के लिए है और सामान्य दूतावास सेवाओं के लिए इसका उपयोग न किया जाए।

### व्हाइट हाउस ने भी जारी किया स्पष्टीकरण

वहीं, इस बीच वीजा के नए नियमों को लेकर कई गलत खबरों को व्हाइट हाउस ने खारिज किया है और स्पष्टीकरण जारी किया है। वरिष्ठ अमेरिकी प्रशासनिक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह नया शुल्क केवल नए ल्र-1इ वीजा आवेदनों पर लागू होगा। वर्तमान में वीजा धारक या जो लोग अमेरिका से बाहर हैं।

## व्हाइट हाउस का दावा: अमेरिकी कंपनियों ने 40000 से ज्यादा आईटी पेशेवरों को निकाला

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों ने इस साल 40,000 से ज्यादा अमेरिकी टेक वर्कर्स की छंटनी की और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस कदम से अमेरिकी युवाओं का साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीईएम) करियर की तरफ रुझान कम हो रहा है और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।



कंपनियों पर गंभीर आरोप व्हाइट हाउस की तरफ से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, एक कंपनी को 5,189 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, लेकिन उसने इसी साल 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। दूसरी कंपनी को 1,698 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, जबकि उसने ओरेगन में 2,400 वर्कर्स को जुलाई में हटा दिया। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे इसी दौरान 25,075 एच-1बी वीजा मिले।

एक और कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे 1,137 एच-1बी वीजा की मंजूरी दी गई। व्हाइट हाउस ने यह भी खुलासा किया कि कई बार अमेरिकी कर्मचारियों को गोपनीय समझौते (एनडीए) के तहत अपने विदेशी रिप्लेसमेंट को ट्रेनिंग देने के लिए मजबूर किया गया। इस विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अब कंपनियों को हर नए एच-1बी वीजा के लिए $100,000 (करीब 83 लाख रुपये) का एकमुश्त शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग को रोकने, अमेरिकी कर्मचारियों की तनख्वाह गिरने से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

# भारतीय नौसेना की पनडुब्बी का दिखा दम
## आईएनएस निस्तार ने बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में लिया भाग

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में चल रहे बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास में भारतीय नौसेना ने अपना दम दिखाया। जहां भारतीय नौसेना अपने 17 साथी देशों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव अभ्यास एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) की तैयारी कर रही है। इस अभ्यास का समुद्री चरण सिंगापुर में हो रहा है, जिसमें भारत की स्वदेशी बनी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार भी हिस्सा ले रही है।



**आईएनएस निस्तार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में बनाया गया है और इसे 18 जुलाई को नौसेना में शामिल किया गया। यह जहाज 120 मीटर लंबा है और डीप सबमर्शन रिज्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) के साथ मिलकर 134 मीटर तक बढ़ जाता है**

आईएनएस निस्तार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में बनाया गया है और इसे 18 जुलाई को नौसेना में शामिल किया गया। यह जहाज 120 मीटर लंबा है और डीप सबमर्शन रिज्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) के साथ मिलकर 134 मीटर तक बढ़ जाता है। इसका मुख्य काम गहरे समुद्र में गोताखोरी करना और पनडुब्बी बचाव मिशन में डीएसआरवी के लिए मादरशिप (मोतशिप) का कार्य करना है।

### कमांडिंग ऑफिसर ने दी जानकारी

मामले में कमांडिंग ऑफिसर अमितसुभ्रो बनर्जी ने बताया कि आईएनएस निस्तार का दो मुख्य काम हैं, पहला गहरे समुद्र में गोताखोरी करना और पनडुब्बी बचाव के दौरान डीएसआरवी के लिए मादरशिप की भूमिका निभाना ।वहीं पूरब नौसैनिक कमांड के पनडुब्बी बचाव इकाई के अधिकारी कैप्टन विकास गौतम ने कहा कि एक्सपीआर25 जैसे विश्व स्तरीय अभ्यास में हिस्सा लेना गर्व की बात है। यह अभ्यास समुद्री जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है। दो चरणों में रहा अभ्यास नौसेना का ये अभ्यास दो चरणों में हो रहा है, पहला हर्बर फेज (15 से 21 सितंबर) और दूसरा समुद्री फेज (21 से 29 सितंबर)। हर्बर फेज में तकनीकी चर्चा, विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और मेडिकल सेमिनार होते हैं। समुद्री फेज में आईएनएस निस्तार और बचाव इकाई दक्षिणी चीन सागर में विभिन्न बचाव अभ्यास करेंगी।

गौरतलब है कि एक्सरसाइज पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर25) में 40 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया है, जो पनडुब्बी बचाव के लिए सबसे बड़ा और सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय अभ्यास माना जाता है। आईएनएस निस्तार के साथ, भारतीय नौसेना समुद्री बचाव क्षमताओं को मजबूत कर रही है और विश्व भर के पनडुब्बी दलों के जीवन की सुरक्षा में अपना योगदान दे रही है।

# गाजियाबाद में 'नमो युवा रन' मैराथन, हजारों धावकों ने की सहभागिता

## 'नमो युवा रन केवल खेल नहीं, नशामुक्त भारत की ओर एक सामाजिक आंदोलन है' : सुधांशु त्रिवेदी




















**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर गाज़ियाबाद की ओर से रविवार को नमो युवा रन मैराथन का आयोजन राजनगर एक्सटेंशन स्थित ङ्ह दिल्ली-6 मॉल से किया गया। इसमें हजारों धावकों ने भाग लिया।

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरूआत की।

त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हैं। यह दौड़ केवल खेल नहीं बल्कि नशामुक्त भारत की दिशा में सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि जहाँ विदेशी संस्कृतियों में सत्ता के लिए पिता को कैद करने की परंपरा रही, वहीं हमारी संस्कृति में पितृपक्ष पर पूर्वजों को जल और अन्न अर्पित करने की परंपरा है।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युवाओं की भागीदारी गाज़ियाबाद की पहचान को नई दिशा दे रही है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सच्ची ताकत है और नशामुक्त भारत का संकल्प इसी से संभव है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने इसे प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत और विकसित भारत के विजन की दिशा में कदम बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में गाज़ियाबाद का यह आयोजन पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण है। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने युवाओं के स्वास्थ्य और अनुशासन को भारत के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी बताया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि यह दौड़ हर युवा को समाज सुधार का संदेश दे रही है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि गाज़ियाबाद का यह संकल्प पूरे प्रदेश में प्रेरणा बनेगा।

मैराथन का मार्ग राजनगर एक्सटेंशन - रिवेरा हाइट चौक - अजनारा - चार्म्स कैसल - वीवीआईपी मॉल - पीवीआर मेन रोड होते हुए दिल्ली-6 मॉल पर समाप्त हुआ। मार्ग में 25 स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। आयोजन में रणजीत राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, संयोजक अभिषेक पंडित, काजल त्यागी, रॉबिन तोमर, गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, बॉबी त्यागी, संजय कांत शर्मा, रनिता सिंह, ऋचा भदौरिया और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित पूरी टीम सक्रिय रही। अपने उद्बोधन में मयंक गोयल ने सभी अतिथियों, धावकों और सहयोगियों का आभार जताया और कहा कि गाज़ियाबाद का युवा नशामुक्ति का संकल्प लेकर समाज के प्रति समर्पित है तथा यह आयोजन हर वर्ष और बड़े स्तर पर होगा। नमो युवा रन ने गाज़ियाबाद को ऊर्जा, उत्साह और नशामुक्त भारत का संदेश दिया।

### पुरस्कार परिणाम

- **बॉयज कैटेगरी** – प्रथम : किशोर, द्वितीय : पंकज, तृतीय : कवित चौधरी
- **गर्ल्स कैटेगरी** – प्रथम : एकता, द्वितीय : अलिफसा, तृतीय : ऋतिका

विजेताओं को सुधांशु त्रिवेदी, सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, मयंक गोयल और रणजीत राय ने मेडल व प्रमाण पत्र दिए।






- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** त्यागी जी लेकर गये थे जनप्रतिनिधि के यहां लेकर सड़क वाला काम? उनका बहुत ही सधा हुआ प्रस्तुतीकरण था श्रीमान? मगर ना जाने कुछ ऐसी हुई बात? जिससे बिगड़ गये सारे हालात? त्यागी जी ने उनसे बोला हमारा आपसे है दिल का वास्ता? आप हमारे साथ चलो सड़क दिखाते हुए ही करा देंगे आपको नाश्ता? सुना है ये बात नहीं हुई जनप्रतिनिधि को बर्दाशत? फिर उन्होंने कुछ आक्रामक निकाले अपने अल्फाज? जरूर लगा होगा त्यागी जी को उनके शब्दों से आघात? नाश्ता तो दूर अब वो सड़क की भी नहीं करेंगे उनसे बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि डेढ़ा भैया ने मैराथन वाला प्रोग्राम कर दिया जोरदार? मगर अमृत पी रहे हैं तो उनको विष के लिए भी रहना चाहिए तैयार? सुना है उन्होंने अकेले ही कराई मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज? उनके साथी कह रहे थे, उन्होंने नहीं निभाया ठीक से अपना फर्ज? मेहनत करने वाली तमाम टीम को उनको दिलवाना चाहिए था मंच पर स्थान? नेता वही है जो रखे अपने साथियों का ध्यान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम दिलवाना चाहते हैं एमएलसी साहब का इन्दिरा वाले एरिया पर ध्यान? सुना है वहां पर अभी तक नहीं बना है वोट बनाने का प्रोग्राम? अभी तक नहीं हुए हैं वहां पर किसी को भी वोट बनाने वाले फार्म डिस्ट्रीब्यूट? ऐसे कैसे मजबूत होगा इस एरिया से उनका वजूद? कहने वाले ने कहा चल रही थी इस तरह की बात वहीं के लोगों में? क्योंकि जब हो रही थी बात हम भी थे वहां पर मौजूद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नमो मैराथन दौड़ संगठन वालों ने निकाली शानदार? भीड़ जुटाकर उन्होंने आयोजन कर दिया जोरदार? हम तो बस इतना चाहते है कि वो बेसिक शिक्षा वालों को दें स्टूडेंट की भीड़ जुटाने के लिए विशेष रूप से बधाई? क्योंकि मौके पर ठीक-ठाक की संख्या हमें स्कूल वालों की दे रही थी दिखाई? स्कूल वालों के साथ साथ बेसिक शिक्षा वालों का भी रहा यहां पर बड़ा रोल? हमने मौके पर देखी हैं ये चीजें, यूं ही नहीं रहे हैं ये बात हम आपसे बोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब हमने पढ़ा भगवा कमांडर के दिल के टुकड़े आशुतोष के दिल का विचार? तब महसूस हुआ कि उनके बीच में है कोई जॉनी गद्दार? भले ही उन्होंने नहीं किया हो गद्दार का नाम अपनी आईडी पर पोस्ट? मगर पता चला है वो चेहरा कोई भगवाधारी है? साथ ही है वो उनकी बिरादरी वाला दोस्त? जब हमने टटोला तो हमें पता चली ये बात? स्टोरी में है योगी जी के कार्यक्रम का वीआईपी वाला पास? इसको विशेष रूप से जॉनी ने किया हुआ था अपलोड? शायद इसीलिए निकला सौम्य आशु के दिल से शब्दों का विस्फोट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि जबरदस्त रही मैराथन वाली दौड?. मगर टाईम को लेकर कुछ नहीं दिख रहा था मामला फाईन? हमने देखा स्कूल की टीचर्स पूरी गुंजन से चाबी खोने वालों को निशाने पर लें रहीं थी? कह रहीं थी 6 बजे क्यों बुलाया जब करना था आपको टाईम नाईन? चाबी खोने वाले भी समझ रहे थे मैडम का दर्द? इसलिए वो इस गुस्से को विष की तरह पी गये? फिर कुछ नहीं किया उन्होंने इस पर अर्ज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कोई उनको ज्यादा समझता है और कोई समझता है थोड़ा? मगर गाजियाबाद में अपना जलवा अलग ही रखते हैं डॉ अरोड़ा? उनके जलवे का हुआ हमें तब एएहसास? जब सीएम के कार्यक्रम में उनको मंच पर जगह मिली खास? जिस मंच की सूची हो सलेक्टेड, वहां पर डॉ साहब का नजर आना कराता है उनका जलवे का एहसास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कर दिया है शहर विधानसभा से एक वैश्य चेहरे ने बड़ा ऐलान? कह दिया अगर मैं बना विधायक तो पूरी तस्वीर बदल दूंगा श्रीमान? लोगों को कराऊंगा विधायक कैसा होता है इस बात का एहसास? मेरी रगो में दौड़ेगा जनता के लिए इंसाफ? कहने वाले ने कहा कि ये वो वैश्य चेहरे हैं जो अक्सर देखे जाते हैं भगवा कमांडर के साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एमएलसी चुनाव को लेकर एक वैश्य चेहरे ने कर दी बात भारी? उन्होंने कहा हमें तो लग रहा है जैन साहब कर रहे हैं निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी? उन्होंने कहा फोटो वाले फार्म पर वो अपने फोटो पर करा रहे हैं फोकस? कहने वाले ने कहा पार्टी के आदेश पर कोई नहीं करता अपनी तस्वीरों को प्रमोट? वो निर्दलीय लड़ कर, कर देंगे अच्छे-अच्छों को खामोश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से मुख्यमंत्री देकर गये हैं गुरू जी के लिए मंच से कई बार मजबूत वाले पैगाम? सच बता रहे हैं हम जनप्रतिनिधियों के पास नहीं जायेंगे? हम तो गुरू जी के पास जाकर करायेंगे अपने सारे काम? गुरू जी के जलवे का अधिकारियों को हो गया है एहसास? हमें पता है जब वो रखेंगे कोई विषय गंभीरता से, तो फिर कोई भी काट नहीं पायेगा उनकी बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की

## महाराजश्री ने राजनाथ सिंह को विदेश यात्रा के लिए आशीर्वाद प्रदान किया

### श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प पूरा होगा



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। उनकी विदेश यात्रा से पहले सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने दिल्ली में उनसे भेंट की और उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही उन्हें विदेश यात्रा के बाद दशहरा पर्व पर श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर आने का निमत्रंण भी दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि वे प्रतिदिन भगवान दूधेश्वर व मां विंध्यावासिनी की पूजा करते हैं। भगवान दूधेश्वर की उन पर विशेष कृपा है और श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का उन्हें हमेशा आशीर्वाद प्राप्त होता रहता है। उनकी यह विदेश यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण में सहायक साबित होगी।

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आज का भारत नया भारत है, जो हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने नए भारत की ताकत देखी। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर 200 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। भारत की शक्ति देखकर पाकिस्तान घुटनों पर आ गया। आज भारत में ही हथियारों का निर्माण हो रहा है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हथियारों का कमाल देखकर पूरा विश्व हैरान है।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत की आजादी को 100 वर्ष हो जाएंगे और वर्ष 2047 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया है। भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य ज्ञान यानि शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करके हासिल किया जा सकता है।

ज्ञान का अर्थ गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस तेजी से हर क्षेत्र में विकास कर रहा है और आत्मनिर्भरता प्राप्त कर रहा है, उससे 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर का सपना पूरा हो जाना निश्चित है। ललित जिंदल व्यापारी ऋषिकेश, बालकृष्ण जांगिड़ राजस्थान, पिंटू सुथार मीडिया प्रभारी श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर आदि भी महारजश्री के साथ थे।

# श्री सुल्लामल रामलीला में हुआ धनुष भंग

## परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मोहा सबका मन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला में रविवार को 'फुलवारी लीला' के बाद की लीलाओं का शानदार मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान धनुष भंग और सीता-राम विवाह के दृश्यों को कलाकारों ने बखूबी प्रस्तुत किया।

सबसे पहले, राजा जनक की सभा में दूर-दूर से आए कई राजाओं ने शिव धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन वे विफल रहे। कई तो मैदान छोड़कर ही चले गए। इसके बाद जब अहंकारी रावण भी धनुष को हिला न सका, तो राजा जनक निराश हो गए। तभी, गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को प्रणाम किया और उसे हवा में उठाकर तोड़ दिया।



धनुष के टूटते ही पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। ढोल बजने लगे और फूलों की वर्षा होने लगी। इसके बाद, राजा जनक की आज्ञा से माता सीता ने भगवान राम के गले में वरमाला डालकर उनका वरण किया।

लीला के अगले भाग में, कलाकारों ने परशुराम-लक्ष्मण संवाद को इतने प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया कि दर्शक भावुक हो गए। रामलीला के इस सफल मंचन में अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, और निर्देशक नीरा बक्शी सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में 'डीएसपी की चोरी' गाने की शूटिंग, हरियाणवी संगीत जगत में नई पेशकश की तैयारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहननगर स्थित इन्द्रप्रदर्शनी पार्क हरियाणवी संगीत प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहाँ हरियाणवी गाने 'डीएसपी की चोरी' की शूटिंग संपन्न हुई। यह गाना सार्थक चौधरी म्यूजिक प्रोडक्शन के बैनर तले तैयार हो रहा है, जिसके निर्माता सिकंदर यादव हैं।

गाने में मुख्य भूमिका मीनाक्षी मदान (मिंक्स) और सुमित कौशिक निभा रहे हैं। गाने का निर्देशन और छायांकन राघव कर रहे हैं। स्थानीय दर्शकों में इस गाने को लेकर उत्साह देखने को मिला और सेट पर भी भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। हरियाणवी गीतों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और 'डीएसपी की चोरी' को लेकर श्रोताओं में पहले से ही उत्सुकता बनी हुई है। निर्माता पक्ष का कहना है कि यह गाना न केवल युवाओं को पसंद आएगा बल्कि हरियाणवी संगीत को नई दिशा देने का काम करेगा।

# महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि रहे अभिषेक गर्ग






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अग्रसेन सेवा संघ, गोविंदपुरम द्वारा महाराजा अग्रसेन का 5150वां जन्मोत्सव सुमंगलम फार्म हाउस, गोविंदपुरम में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिषेक गर्ग का समिति द्वारा पगड़ी एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अभिषेक गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता, सहयोग और सेवा भाव का जो आदर्श स्थापित किया, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने वैश्य समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए।

# वैश्य समाज सेवा समिति ने मशहूर फिल्म निर्माता अमित जानी को किया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बॉलीवुड फिल्म उदयपुर फाइल्स के निर्माता अमित जानी के गाजियाबाद आगमन पर उनके सम्मान में वैश्य समाज सेवा समिति विजयनगर गाजियाबाद द्वारा भव्य समारोह किया गया। जिसमें मशहूर फिल्म निर्माता अमित जानी को पटका, पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर फिल्म निर्माता अमित जानी ने बताया कि उनकी फिल्म उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल साहू की मौत पर आधारित है और उन्होंने बताया कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी का काम करने वाले कन्हैया लाल साहू की हत्या किस प्रकार की गई इससे सारा देश भली भांति वाकिफ है। उदयपुर फाइल्स इसी सच्चाई को देश के सामने उजागर करने वाली फिल्म है। उन्होंने देश में चल रहे वर्तमान हालात पर भी अपनी चिंता व्यक्त की।



समिति के अध्यक्ष कपिल गर्ग ने कहा कि फिल्म निर्माता अमित जानी का स्वागत-सम्मान करते हुए समिति के सभी पदाधिकारी गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने अमित जानी से देश के अन्य मुद्दों पर भी फिल्म बनाकर उनकी सच्चाई को देश के सामने उजागर करने का आग्रह किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष कपिल गर्ग, योग गुरु रमेश मंगल, राजेश गुप्ता, श्याम प्रेमी, विवेक अग्रवाल, गगन गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद पति विजय गोयल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र, आरपी जैन, मनोज तायल, प्रवीण जिंदल आदि समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।